मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 272
गुरुवार, 24 अप्रैल 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को कड़ा जवाब मिलेगा: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को निकट भविष्य में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और भारत ऐसी किसी भी आतंकवादी गतिविधि से भयभीत नहीं हो सकता।उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल उन लोगों को ढूंढ़ेगा जिन्होंने हमला किया, बल्कि उन लोगों का भी पता लगाएगा जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर भारतीय धरती पर इस नापाक कृत्य को अंजाम देने की साजिश रची।आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। रक्षा मंत्री ने वार्षिक अर्जन सिंह स्मारक व्याख्यान देते हुए यह टिप्पणी की।संबोधन से कुछ घंटे पहले सिंह ने लगभग ढाई घंटे की बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल

हुए।रक्षा मंत्री ने कहा, कल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म को निशाना बनाकर किए गए कायराना हमले में हमारे देश ने कई निर्दोष नागरिकों को खो दिया। इस अत्यंत अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे दुख और पीड़ा में डाल दिया है। सिंह ने कहा, मैं इस मंच से देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वह कदम उठाएगी जो आवश्यक और उचित होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत इतनी पुरानी सभ्यता और इतना बड़ा देश है कि वह किसी भी आतंकवादी गतिविधि से भयभीत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ऐसे कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों को निकट भविष्य में मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।सिंह ने पहलगाम में हुए हमले को अत्यंत अमानवीय बताया, जिसने हम सभी को अत्यंत दुखी कर दिया है। उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, मैं भारत के इस दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की है।

पहलगाम हमले पर सुप्रीम कोर्ट में 2 मिनट का मौन, पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई विवेकहीन हिंसा की शैतानी हरकत की कड़ी निंदा की। 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाने वाले बैसरन में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। शीर्ष अदालत ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर आतंकवादी कृत्य की निंदा की। आतंकवादी कृत्य की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस क्रूर हमले में जान गंवाने वाले पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी प्रस्ताव में कहा गया इस नासमझ हिंसा के शैतानी कृत्य ने सभी की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और यह आतंकवाद द्वारा फैलाई जाने वाली क्रूरता और

अमानवीयता की एक कठोर याद दिलाता है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय उन निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देता है, जिनकी बेरहमी से और समय से पहले हत्या कर दी गई और साथ ही शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और जो घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में राष्ट्र पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है। भारत के मुकुट रत्न यानी कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने आए पर्यटकों पर हमला निस्संदेह मानवता के मूल्यों और जीवन की पवित्रता का अपमान है और यह न्यायालय इसकी कड़ी निंदा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दुखद हमले में अपनी जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

हिमाचल प्रदेश। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को निंदा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक बयान में इसे कायरतापूर्ण हरकत करार देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में ऐसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं और असामाजिक तत्वों पर हर कीमत पर नकेल कसी जानी चाहिए। सुक्खू ने बयान में कहा, इस बेहद दर्दनाक समय में हम मारे गए लोगों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और इस बर्बर कृत्य के प्रभावितों के साथ हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। (मैं) घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गये। जान गंवानों वालों में अधिकतर पर्यटक थे।

रावलपिंडी को तबाह कर दिया जाना चाहिए: शमा मोहम्मद

नई दिल्ली। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक तीखा बयान जारी किया और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का आह्वान किया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकी हमले में कम से कम 26 लोगों की जान चली गई। रावलपिंडी को तहस-नहस कर दिया जाना चाहिए! उन्होंने हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की संदिग्ध संलिप्तता का हवाला देते हुए एक्स पर लिखा कि अब कोई बातचीत नहीं, कोई व्यापार नहीं, कोई क्रिकेट नहीं, कोई सांस्कृतिक गतिविधि नहीं। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने का समय आ गया है जिसे वे कभी न भूलें। जय हिंद। इससे पहले एक पोस्ट में उन्होंने हमले की निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति से निपटने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। नरेंद्र मोदी सरकार को आतंकवाद को खत्म करने के खोखले दावे करने के बजाय जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात के बारे में स्पष्ट रूप से बताना चाहिए।

पाकिस्तान को घोषित किया जाए आतंकी देश : कपिल सिब्बल

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए मांग की कि हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (क्ठउ) में मुकदमा चलाया जाना चाहिए, जो मानवता के खिलाफ सबसे गंभीर अपराधों की जांच करता है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करने के लिए दबाव डालना चाहिए।

नीदरलैंड में 'द हेग' के नाम से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय बने सबसे गंभीर अपराधों के लिए आरोपित व्यक्तियों की जांच

करता है और जहां आवश्यक हो, उन पर मुकदमा चलाता है: नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध और आक्रामकता का अपराध। सिब्बल ने आज कहा, ₹इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। मैं गृह मंत्री से आग्रह करता हूं कि वे पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करें और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में जाएं।

हालांकि, भारत ने रोम संविधि की पुष्टि नहीं की है, जो न्यायालय को नियंत्रित करने वाली अंतरराष्ट्रीय संधि है। भारत 'राज्य दलों की सभा' का हिस्सा नहीं है, जो न्यायालय का प्रबंधन करता है। सिब्बल ने आगे विश्वास व्यक्त किया कि विपक्ष (कांग्रेस) प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा। सिब्बल ने इस हमले को पागलपन की कार्रवाई बताते हुए कहा, यह पागलपन की कार्रवाई है, पागलपन की कार्रवाई है, लेकिन इसमें और भी बहुत कुछ है। जाहिर है, यह बहुत सावधानी से योजनाबद्ध है। बैसरन घाटी पहलगाम से थोड़ी ऊपर की ओर है, कोई भी वहां कार से नहीं जा सकता है, इसलिए किसी भी सुरक्षा बल को वहां पहुंचने में समय लगेगा।

दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट किया जारी

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए 24 साल पुराने मानहानि के मामले में प्रोबेशन बॉन्ड जमा न करने के लिए गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया। मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले से जुड़े प्रोबेशन बॉन्ड के निष्पादन की कार्यवाही पर दो सप्ताह तक रोक लगाने की पाटकर की याचिका को अस्वीकार कर दिया था और उन्हें ट्रायल कोर्ट जाने के लिए कहा था। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बुधवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती

वारंट जारी किया। अदालत ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा दायर मानहानि के मामले में उन्हें परिवीक्षा बॉण्ड और एक लाख रुपये का जुमार्ना जमा करने के लिए कहा था। सक्सेना ने यह मामला 23 साल पहले उस वक्त दायर किया था; जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने 70-वर्षीय पाटकर को मानहानि के मामले में दोषी करार दिया था। अदालत ने आठ अप्रैल को उन्हें अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा कर दिया, लेकिन उन पर एक लाख रुपये के जुमार्ने की पूर्व-शर्त भी लगाई थी।यह मामला अदालत में बुधवार को पाटकर की उपस्थिति, परिवीक्षा बॉण्ड प्रस्तुत करने और जुमार्ना राशि जमा करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सक्सेना के वकील गजिंदर कुमार ने कहा कि पाटकर न तो उपस्थित हुईं और न ही उन्होंने अदालत के निदेर्शों का पालन किया।

उन्होंने कहा, आज के मामले में, दिल्ली पुलिस आयुक्त के माध्यम से पाटकर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) जारी किया गया है, और अदालत ने पाया है कि दोषी द्वारा स्थगन का अनुरोध करने वाली अर्जी शरारतपूर्ण और ओछी है। वकील ने कहा, यदि दोषी सुनवाई की अगली तारीख (तीन मई) तक आदेश का पालन नहीं करतीं, तो अदालत आठ अप्रैल को सुनाई गई सजा में बदलाव पर विचार करेगी। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। सक्सेना ने नेशनल काउंसिल ऑफ सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष के रूप में पाटकर के खिलाफ 24 नवंबर 2000 को जारी उनकी मानहानिकारक प्रेस विज्ञप्ति के लिए मामला दर्ज कराया था। पिछले साल 24 मई को मजिस्ट्रेट अदालत ने कहा था कि पाटकर ने अपने बयान में सक्सेना को कायर कहा था तथा हवाला लेन-देन में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया था, जो न केवल मानहानिकारक थे।

पहलगाम आतंकी हमला बहुत दर्दनाक और अकल्पनीय : तेजस्वी यादव

पटना, 23 अप्रैल। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को बहुत दर्दनाक बताते हुए कहा कि इस तरह पर्यटकों की जान लेना अकल्पनीय है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से यह भी कहा कि आतंकवादियों ने उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र पर हमला किया और गोलीबारी 20 मिनट तक जारी रही।

नेता प्रतिपक्ष यादव ने कहा, हम इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करना चाहते। यह बहुत दुखद घटना है। इस तरह से पर्यटकों की

हत्या अकल्पनीय है। उन्होंने कहा, मृतकों में से एक बिहार का रहने वाला था, लेकिन वह हैदराबाद में तैनात था। हम सभी शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

उन्होंने गुप्तचर ब्यूरो के अधिकारी मनीष रंजन का जिक्र किया, जिनके पिता बहुत पहले पश्चिम बंगाल चले गए थे। रंजन की पत्नी और बच्चे, जो उनके साथ जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पर थे, इस हमले में बच गए। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई।

यादव ने यह भी कहा, पूरा देश सिर्फ न्याय चाहता है। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। पुलवामा आतंकी हमले को इतने साल बीत चुके हैं। कोई नहीं जानता कि जांच का क्या हुआ। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी, 2019 को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे।

पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा

-ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा। आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाईं, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर

संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई।

हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंटह्ल (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब बैसरन के घास के मैदान और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे, कुछ खच्चरों की सवारी का आनंद ले रहे थे तो कुछ परिवार पिकनिक मना रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के लिये सीधे तौर पर पाकिस्तान जिम्मेदार है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने किसी जिहादी की तरह हिंदुओं और भारत के खिलाफ अपनी घृणा का भद्दा प्रदर्शन किया था। अबू मूसा का वह भाषण और उसके तुरंत बाद हुआ पहलगाम नरसंहर दशार्ता है कि पीओके में बैठे आतंकी सरगना न केवल भारत विरोधी जहरीला प्रचार फैला रहे हैं, बल्कि कश्मीर घाटी की शांति, विकास एवं सौहार्द को बाधित करने की हर कोशिश को सफल बनाने में जुटे हैं। वे आगामी समय में घाटी को फिर से अशांत करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन संबंधी कारोबार करीब-करीब ठप पड़ना तय है। आखिर इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा?

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इससे प्रकट होती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा बीच में छोड़कर दिल्ली आ गये। दिल्ली आते ही एयरपोर्ट पर ही एक मीटिंग की, जिसमें अजित डोभाल से गंभीर मंत्रणा के बाद इस आतंकवादी घटना के खिलाफ एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया। मोदी एवं शाह के एक्शन से उम्मीद बंधी है कि इस बार कुछ निर्णायक होगा। पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया। यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चे पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूंबों को नेस्तनाबूंद करने का। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है, यही पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर होना भी पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बना है, पहलगाव जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। दुनिया के शक्तिसंपन्न राष्ट्र भी मंथन करें आतंक रूपी विष और विषमता को समाप्त करने का, शांतिपूर्ण दुनिया निर्मित करने का। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान में घूस कर सबक सिखाने का। सर्जिकल अटैक ही पुख्ता जबाव हो सकता है। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये पाकिस्तान आतंकी संगठन और आतंक का सहारा ले रही हैं। भारत सरकार की नीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था, सरकार की सतर्कता के चलते ही पाकिस्तान, वहां के आतंकवादी संगठन एवं आतंकवादी अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। लगातार असफलता से खीझे एवं बौखलाये हुए आतंकी कोई-न-कोई नई और अधिक खौफनाक आतंकी घटना को अंजाम देने में जुटे रहते हैं, हमारी सुरक्षा एजेंसियों को अधिक सतर्कता बरतने की अपेक्षा है।

भारत के यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की

अशोक भाटिया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारत की यात्रा पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुख जताया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और इस हमले को बेहद दुखद बताया. साथ ही कहा कि हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं यहां के लोगों के साथ हैं. जेडी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर सोमवार को ही भारत पहुंचे थे. उन्?होंने एक्?स पर कहा, ₹उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं. पिछले कुछ दिनों में हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हो गए हैं. इस भयानक हमले में हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं. यही नहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चौतरफा निंदा हो रही है. साल 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ से सबसे बड़ा हमला है, जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है. दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत ने 30 लोगों की जान ले ली. देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के तमाम देशों ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए इसकी निंदा की है. हम बात कर रहे थे अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया.बताया जाता है कि जेडी वेंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति दिखी।दूसरा प्रधानमंत्री के सामने एक बैठक में वेंस के पहुंचने की तस्वीरें आज जारी की गईं। यह देखते हुए, यह मान लेना सुरक्षित है कि चर्चा बहुत ही चंचल माहौल में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के बाद से, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति ने एक नए आयाम पर ले लिया है। व्हाइट हाउस में, ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी एलोन मस्क के बेटे और बेटी, मेहमानों के सामने खेल रहे हैं, उनके एक दर्जन से अधिक बच्चों में से एक उनके वास्तविक सिर पर बैठा है, दूसरे को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तैयार किया जा रहा है, और किसी और को शाही अतिथि के रूप में खेला जा रहा है, और ट्रम्प का पारिवारिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति लाने का प्रयास राजनीति में पारिवारिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित करता है। क्षेत्र में ट्रम्प का अनुभव काफी व्यापक है, और मस्क कम से कम चार ज्ञात परिवारों का अनुयायी है। वेंस बचपन से अपने बच्चों के लिए ट्रम्प-मस्क के कूटनीति के उपयोग का अनुकरण करते हैं। वैसे भी। यह मामला हो सकता है, लेकिन प्रधान मंत्री-उपराष्ट्रपति की यात्रा पर कोई आधिकारिक संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, दोनों पक्षों ने कहा कि वार्ता 'बहुत सार्थक' रही। अब इस 'फला' की व्याख्या करने की जरूरत है।

इस बात का खुलासा खुद वेंस ने जयपुर में अपने भाषण में किया। भारत को अमेरिका से ज्यादा से ज्यादा हथियार मिलें, अमेरिकी उत्पादों के लिए ज्यादा से ज्यादा बाजार मिले, भारत अमेरिकी अनाज से ज्यादा से ज्यादा एथेनॉल खरीदे, भारतीय वाहनों में अमेरिकी एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू करे, हमारे एफ-35 विमान भारत की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। वेंस की यात्रा के पीछे का आर्थिक विचार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों को अधिक आसान पहुंच प्रदान करना है, ताकि भारत भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकी ईंधन उत्पादों का उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आने वाली सदी भारत और अमेरिका के बीच होगी और दोनों देशों को 'समान सिद्धांत' पर व्यापार बढ़ाना चाहिए। समाज-सम्मत। मकसद है कि दोनों देशों के बीच जल्द से जल्द ट्रेड डील हो जाए। उपराष्ट्रपति वेंस की भारत यात्रा इसी के अनुरूप थी। वांस ने कहा कि बैठक के दौरान व्यापार समझौते पर अच्छी प्रगति हुई, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि अक्टूबर दोनों देशों के बीच पहले समझौते को वास्तविकता में बदलने का समय होगा। ऐसा लगता है कि वेंस की भारत यात्रा में इस मुद्दे पर प्रगति करने में कम से कम चार से पांच महीने लग गए हैं, जिसका अर्थ है कि अगर यह संयुक्त यात्रा के लिए नहीं होती और अपेक्षित प्रगति हुई होती, तो समझौते में और देरी होती।

क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, भारत अमेरिकी सामान उतना नहीं खरीदता जितना वह संयुक्त राज्य अमेरिका को बेचता है। ट्रम्प का कहना है कि भारत-अमेरिका व्यापार उनके लिए फायदेमंद है और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए वरदान है। संयुक्त राज्य अमेरिका जोर देकर कहता है कि भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक उत्पाद खरीदकर इस व्यापार असंतुलन को दूर करना चाहिए। ट्रम्प ने हाल ही में इस उद्देश्य के लिए भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। उन्होंने अभी के लिए इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी है। अधिस्थगन अवधि के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौतों को फिर से लिखे जाने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में, इस अवधि के दौरान भारत के अमेरिकी उत्पादों के प्रवाह को बढ़ाने की जरूरत है। इसे कितना बढ़ाना चाहिए? हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा 41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 3,533 अरब डॉलर और उससे पहले 2,768 अरब डॉलर था। इसका मतलब यह है कि भारतीय उत्पाद अमेरिका में अधिक बेचे जाते हैं, जैसा कि ट्रम्प कहते हैं, और अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में उतने नहीं हैं। ट्रम्प प्रशासन अब इसे और अधिक प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजार में स्वतंत्र रूप से बेचने की अनुमति दी जानी चाहिए। यह एक आग्रह है जिसे आप स्वीकार नहीं करते हैं। क्योंकि अगर ऐसा होता है, तो भारतीय बाजार सस्ते अमेरिकी उत्पादों से भर जाएगा और यह स्थानीय, भारतीय उत्पादों को प्रभावित करेगा। यह आत्मनिर्भरता के रास्ते में आएगा। लेकिन भारत की तरह, अमेरिका भी आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा है और देश जोर देता है कि दूसरे लोग भी अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदें। यह वेंस की भारत यात्रा में स्पष्ट है। जयपुर में अपने भाषण में, उन्होंने एक सूची प्रस्तुत की कि भारत को अमेरिका से क्या लेना चाहिए। वास्तव में, वेंस एक बार शेखी बघार रहे थे कि भारत एफ -35 खरीदेगा जिसे एलोन मस्क ने एक बार ₹स्क्रैप₹ के रूप में वर्णित किया था। लेकिन कोई संकेत नहीं है कि हमारी खरीदारी यात्रा वहां समाप्त होने जा रही है।

एक बेहद भरोसेमंद दैनिक फाइनेंशियल टाइम्स ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट प्रकाशित की, जबकि वेंस भारत में थे, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका ने जोर दिया है कि भारतीय बाजार को अमेजॅन और वॉलमार्ट के विशाल स्टोरों के लिए खोला जाना चाहिए। अमेजॅन अभी भी ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से भारत में है, लेकिन यह कई शर्तों का भी सामना करता है और साथ ही अपने भारतीय प्रतिस्पर्धियों को कई छूट प्रदान करता है। वहीं, वॉलमार्ट किराना क्षेत्र में विदेशी पूंजी की सीमा तय होने के कारण भारत में फिजिकल स्टोर नहीं खोल पाई है। फाइनैंशल टाइम्स के मुताबिक अमेरिका इन दोनों मुद्दों के लिए भारत पर दबाव बना रहा है और यह कहना मुश्किल है कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है. वित्तीय पत्रिकाओं में छपी खबरों के मुताबिक इसके साथ ही भारत इस बात की भी कोशिश कर रहा है कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय कंपनियां अमेरिकी उत्पादों का आयात करें। खबरों के मुताबिक सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या वह इन आयातों को बढ़ाने के लिए अपने आयातकों को कोई सब्सिडी या कुछ इसी तरह की विशेष सहायता दे सकती है। यदि भारत-अमरीका व्यापार घाटे को कम करना है तो ये और ऐसे अन्य उपाय किए जाने चाहिए। क्योंकि इतने सालों के घाटे को एक झटके में एक फैसले से भरना असंभव है।

अमेरिका का कहना है कि इस संबंध में भारत की स्थिति सकारात्मक है, और वेंस इस पर भारत को बधाई देते हैं, जिसका स्पष्ट अर्थ है कि यह कब सामने आता है। अभी के लिए, कई लोगों के पास इन बच्चों के साथ कूटनीति की 'मूल' नई शैली के अनुकूल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

मुर्शिदाबाद के बाद अब कश्मीर में मौतें, कब जागेगी मोदी सरकार?

-सुरेश गांधी

22 अप्रैल 2025 की सुबह, जब देश भर में लोग सामान्य जीवन जी रहे थे, तब कश्मीर के शांत, सुंदर पहलगाम घाटी में गोलियों और धमाकों की आवाज गूंज रही थी। यह सब कुछ तब हुआ जब घाटी में अमन पटरी पर लौट रहा था, लेकिन आतंकियों की नापाक हरकत ने फिर से घाटी को लहूलुहान कर दिया। पिछले कई वर्षों बाद नागरिकों पर किया गया यह सबसे जघन्य हमला था। आतंकियों ने लोगों को चुन चुन कर मारा, लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ते नजर आए। इस हमले में 28 निर्दोष लोग मारे गए, जिनमें विदेशी पर्यटक, स्थानीय लोग और एक भारतीय नौसेना अधिकारी भी शामिल थे। इस हमले की जिम्मेदारी ह्लद रेजिस्टेंस फ्रंटह्ल (टीआरएफ) नामक आतंकी संगठन ने ली है। यह एक ऐसा नाम जो शायद ज्यादा लोगों के लिए नया हो, लेकिन इसके पीछे की सोच, रणनीति और उद्देश्य पुराने हैं। ह्लद रेजिस्टेंस फ्रंटह्ल दरअसल लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का ही एक छद्म संगठन है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद, पाकिस्तान ने आतंकवाद को ह्ललोकल विद्रोहह्ल की शक्ल देने के लिए टीआरएफ जैसे संगठनों को गढ़ा। इससे उनका उद्देश्य था कि दुनिया को यह दिखाया जाए कि कश्मीर में जो हो रहा है, वह बाहरी आतंक नहीं, बल्कि स्थानीय ह्यआंदोलनह्ल है। लेकिन जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है।

टीआरएफ की फंडिंग, हथियारों की सप्लाई और प्रशिक्षण सब पाकिस्तान से होता है। इसका असली चेहरा अब भारत ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उजागर हो चुका है। ऐसे हमलों का मकसद केवल जान लेना नहीं होता। इनका असली उद्देश्य होता है, अमरनाथ यात्रा से पहले डर का माहौल बनाना ताकि लोग कश्मीर आने से डरें। स्थानीय पर्यटन को नुकसान पहुँचाना, जिससे आम कश्मीरी की आजीविका प्रभावित हो। भारत सरकार और सुरक्षा बलों पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालना। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर को ह्लसंवेदनशीलह्ल क्षेत्र के रूप में पेश करना। लेकिन बड़ा सवाल तो यही है क्या पहलगाम जैसे क्षेत्र में, जहां आम तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहती है, इस प्रकार का सुनियोजित हमला आखिर कैसे हो गया? क्या खुफिया एजेंसियों को इस हमले की भनक नहीं लगी? यदि लगी, तो समय पर कार्रवाई क्यों नहीं हो पाई? क्या सुरक्षा बलों को पर्याप्त संसाधन और सहयोग मिल रहा है? भारत की प्रतिक्रियाः क्या सिर्फ बयानबाजी काफी है? मतलब साफ है आतंकी संगठनों की रणनीति अब पहले से कहीं ज्यादा शातिर हो चुकी है. वे ड्रोन, साइबर नेटवर्क, और सोशल मीडिया के जरिये अपनी मौजूदगी छुपाने और फैलाने में सफल हो रहे हैं।

कश्मीर में पर्यटन उद्योग लाखों लोगों के जीवनयापन का आधार है। पिछले कुछ वर्षों में, धीरे-धीरे हालात बेहतर हो रहे थे, और पर्यटक वापस लौटने लगे थे। लेकिन इस एक हमले ने फिर से सबकुछ पीछे धकेल दिया है। आतंकवादी जानते हैं कि अगर आम कश्मीरी बेरोजगार हो गया, तो उसे भड़काना और कट्टरपंथ की ओर मोड़ना आसान हो जाएगा। इसीलिए ऐसे हमले सीधे-सीधे आर्थिक और मानसिक युद्ध के तौर पर देखे जाने चाहिए। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले को ह्लकायराना और अमानवीयह्ल करार देते हुए कार्रवाई का वादा किया है। लेकिन आम जनता यह जानना चाहती है, क्या इस बार जवाब सिर्फ शब्दों में सीमित रहेगा? या नीति और जमीनी स्तर पर परिवर्तन देखने को मिलेगा? मोदी को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर टीआरएफ और पाकिस्तान को उजागर करना होगा। एलओसी पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल या एयर स्ट्राइक जैसे कदम उठाने होंगे। क्योंकि यह आतंकी हमला चिंताजनक है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। आतंकी सेना और पुलिस जैसी वर्दी में थे। सभी के पास एके-47 और अन्य हथियार थे। एक के बाद सामने आ रहे वीडियो इस बात की पुष्टि करते है कि हथियारबंद हमलावरों ने न सिर्फ पर्यटकों को गोली मारी, बल्कि कश्मीरियों के रोजगार पर भी हमला किया। उन कश्मीरियों पर हमला किया, जिनकी आजीविका पर्यटक पर निर्भर है। सरकार की सत्तारूढ़ होने के बाद इनमें विश्वास होने लगा था कि घाटी में धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। लेकिन बीच बीच में हुई छिटपुट आतंकी वारदातों से इस बात का संकेत मिल रहा था कि आतंकी मौके की तलाश में है। हाल ही पाकिस्तान सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर की बयानबाजी ने आतंकियों के हौसले को बढ़ाया है। उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। उन्होंने टू नेशन थ्योरी का जिक्र करते हुए हिंदुओं खिलाफ बयान देते हुए कहा था कि पाकिस्तानियों को नहीं भूलना चाहिए कि हम उनसे अलग है।

बदहाली और कई स्थानों पर विद्रोह से जूझ रहे पाकिस्तान को एकजुट रखने के लिए शायद जनरल मुनीर को नफरती भाषण की जरूरत महसूस हुई हो। हो सकता है उनकी बातों से पाकिस्तान का भी बड़ा तबका सहमत नहीं हो, लेकिन कट्टरपंथियों को जनरल मुनीर की बातों से ताकत मिली होगी और उन्हें जनरल मुशर्रफ की याद आ गई होगी, जो भारत के खिलाफ छद्म युद्ध तेज करने के लिए जाने जाते हैं। जनरल मुनीर के बयानों से आतंकियों का मनोबल निश्चित रूप से बढ़ा है। इसका प्रमाण कश्मीर में हुआ आतंकी हमला है। दरअसल, बांग्लादेश में तख्तापलट और भारत विरोधी भावनाओं के उभार के बाद पाकिस्तान की शैतानी आंखों में चमक दिखने लगी है। उसे लगता है कि उसे बांग्लादेश का साथ भी मिल जाएगा। चीन के साथ संबंध मजबूत करके पाकिस्तान अमेरिका की कमी पूरा करने में पहले से ही लगा हुआ है। मतलब साफ है भारत से बदला लेने के लिए वह यहां अशांति फैलाने की नए सिरे से कोशिश कर सकता है। पाकिस्तान भारत में आतंकी हमले के जरिए धार्मिक अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहता है। ऐसे में पाकिस्तान की कूटनीतिक चाल को समझते हुए देश में अमन चैन बनाए रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी समुदायों की यह जिम्मेदारी है कि देश का माहौल नहीं बिगड़े। सरकार को आतंकियों के खिलाफ हरहाल में कड़ी कार्रवाई करनी होगी, सुरक्षा एजेंसियां चैकस करना होगा और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। इस संवेदनशील मौके पर राजनीतिक दलों को एकजुटता दिखानी होगी। पाकिस्तान के मंसूबों को विफल करने और उसे कड़ा जवाब देने की रणनीति पर काम करना होगा। क्योंकि यह वक्त केवल शब्दों का नहीं, ठोस कार्रवाई का है।

भारत को कूटनीतिक मंचों पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के साथ-साथ, एलओसी पार आतंकी ठिकानों पर सटीक जवाबी कार्रवाई करनी होगी। साथ ही, स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथ से बचाने के लिए शिक्षा, रोजगार और संवाद की नीतियाँ अपनानी होंगी। इसे रोकने के लिए स्थानीय युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और काउंसलिंग प्रोग्राम को बढ़ावा देना होगा। साइबर निगरानी और सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी प्रचार की सख्त रोकथाम के लिए कड़े प्राविधान करने होंगे। मेरा मानना है कि कश्मीर की लड़ाई अब सिर्फ बंदूकों से नहीं, बल्कि प्रचार, डर, और मनोवैज्ञानिक युद्ध से भी लड़ी जा रही है। आतंकवाद अब नाम बदल चुका है, पर उसका एजेंडा वही है अस्थिरता, अलगाव, और हिंसा। भारत को अब बहुस्तरीय रणनीति की जरूरत है, जिसमें कूटनीति, सुरक्षा, मनोवैज्ञानिक लड़ाई और विकास आल इन वन हो, वरना, टीआरएफ के बाद कोई नया नाम आएगा, और हम फिर से एक और ह्लकायराना हमलाह्ल देखेंगे। यह आतंकी हमला न केवल मानवता के खिलाफ एक घिनौना अपराध था, बल्कि यह भारत की सुरक्षा नीति, खुफिया तंत्र और आतंकवाद के प्रति रणनीति पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। टीआरएफ जैसे संगठनों को पाकिस्तान की धरती से न केवल वैचारिक समर्थन मिलता है, बल्कि तकनीकी, आर्थिक और सामरिक सहायता भी मिलती रही है। भले ही पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद से दूरी बनाकर दिखाने का प्रयास करता है, लेकिन हकीकत में वह इन संगठनों को ह्यस्ट्रैटजिक ऐसेट्सह्ल की तरह उपयोग करता है। पहलगाम जैसे पर्यटन क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर हमला होना यह दिखाता है कि खुफिया एजेंसियां या तो कमजोर पड़ी हैं या फिर उन्हें सही समय पर सूचना नहीं मिली। इसके पीछे लोकल स्तर पर कट्टरपंथी विचारधारा का पुनरुत्थान भी हो सकता है। कश्मीर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का अहम योगदान है। ऐसे हमलों से पर्यटकों में डर पैदा होता है और इससे स्थानीय लोगों का रोजगार प्रभावित होता है। यह आतंकियों की रणनीति का हिस्सा भी है. स्थानीय जनता को सरकार के खिलाफ भड़काना। यह हमला एक चेतावनी है कि आतंकवाद अब नए नामों, नए चेहरों और नई रणनीतियों के साथ सामने आ रहा है। भारत को इस चुनौती का सामना पारंपरिक और आधुनिक, दोनों तरह के उपायों से करना होगा। वरना हर बार एक नया टीआरएफ आएगा, और हम शोक में डूबे रहेंगे। पहलगाम जैसे संवेदनशील और पर्यटक-प्रिय क्षेत्र में ऐसा हमला होना यह दशार्ता है कि स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र में कुछ कमजोरी रही। यह भी सवाल उठता है कि इतने बड़े हमले की योजना कैसे बनाई गई, और सुरक्षा बलों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी. भले ही पाकिस्तान सीधे जिम्मेदारी से इनकार करता रहा हो, लेकिन टीआरएफ जैसे संगठनों को लॉजिस्टिक और वैचारिक समर्थन पाकिस्तान से ही मिलता है। ऐसे हमले भारत-पाक संबंधों को और अधिक तनावपूर्ण बनाते हैं।

कश्मीर में सुरक्षा एवं विश्वास के वातावरण की बहाली से हताश पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने पहलगाम के बैसरन घाटी, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है, के पहाड़ों में सुकून के पल बिताने आए पर्यटकों पर बड़ा हमला बोला। इस दुर्दांत आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की मौत हो गयी, तो वहीं 20 से अधिक घायल हुए हैं. इस हमले में आतंकियों ने पर्यटकों से कहा कि ह्लतुम लोगों ने मोदी को सिर चढ़ा रखा है. चश्मदीदों के मुताबिक हथियारों से लैस आतंकियों ने लोगों से नाम पूछा, कलमा पढ़ने को कहा और न बोल पाने वालों को गोली मार दी. घाटी में परिवार के साथ घूमने गए। सैलानियों ने सपनों में भी नहीं सोचा था कि वह रोते बिलखते घर लौटेंगे। आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर, खासकर हिंदुओं को निशाना बनाया. उनका मकसद भारत में धर्मवाद के नाम पर अलगावा को बढ़ावा देना है. देखा जाएं तो मुर्शिदाबाद की दुखद घटनाओं के बाद अब कश्मीर में हुई मौतों ने पूरे देश को झकझोर दिया है

3 जुलाई से है अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा के लिए पहलगाम रूट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रूट से गुफा तक पहुंचने में तीन दिन लगते हैं, मगर रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं पड़ती है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है, जहां से चढ़ाई शुरू होती है। यह बेस कैंप से 16 किमी दूर है। तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पर पहुंचती है, जहां से पैदल चलते शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। यह सफर करीब नौ किमी का है। अगले दिन यात्री शेषनाग से 14 किमी दूर पंचतरणी जाते हैं। पंचतरणी से गुफा की दूरी सिर्फ छह किमी है। अमरनाथ यात्रा तीन

श्री एलआर तिवारी कॉलेज आफ लॉ दीक्षांत समारोह, मुख्य अतिथि होंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

भायंदर (उत्तरशक्ति)। देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन द्वारा संचालित श्री एल आर तिवारी कॉलेज आफ लॉ, मीरा रोड के चौथे दीक्षांत समारोह में, मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार माहेश्वरी शामिल होंगे। 26 अप्रैल को शाम 4 बजे से श्री एल आर तिवारी एजुकेशनल केंपस में आयोजित भव्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एडवोकेट मनोज मिश्रा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी करेंगे। इस अवसर पर राहुल एजुकेशन के सचिव राहुल तिवारी, सहसचिव कृष्णा तिवारी तथा सीओओ उत्सव तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कॉलेज की प्रिंसिपल श्वेता चतुर्वेदी ने उपरोक्त जानकारी दी । किसी लॉ कॉलेज के दीक्षांत समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का शामिल होना बड़े गौरव की बात मानी जाती है।

जि.प. स्कूल कालीधोंड में विश्व पुस्तक दिवस पर मनाया गया रीडिंग इंस्पिरेशन डे

पालघर(उत्तरशक्ति)। जिला परिषद स्कूल कालीधोंड, जव्हार में बुधवार 23 अप्रैल 2025 को विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर रीडिंग इंस्पिरेशन डे का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस विशेष दिन पर कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों को पढ़ने के आनंद की अनुभूति कराते हुए अध्ययन स्तर के अनुसार विविध भाषाओं में पुस्तकों का वाचन कराया गया। कार्यक्रम में पेपर रीडिंग, कहानी वाचन, विज्ञान रीडिंग और विभिन्न देशों की जानकारी देने वाली पुस्तकों के माध्यम से बच्चों को ज्ञानवर्धन की दिशा में प्रेरित किया गया। इस उपक्रम की संकल्पना महाराष्ट्र राज्य पुरस्कार विजेता भाऊसाहेब शेटे सर द्वारा की गई थी, जिन्होंने गटशिक्षणाधिकारी विजया तालकुटे से प्रेरणा ली। इस कार्यक्रम की सफलता में सह-शिक्षक लक्ष्मी ठाकरे, संजय कोकतरे, नरसिंह सूर्यवंशी, अर्जुन शिंदे, सुनीता इंगले और कुवारा सर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं का अध्ययन स्तर तय कर बच्चों को पढ़ने के लिए तैयार किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत के सरपंच, गांव के गणमान्य नागरिक, पेशेवर, डॉक्टर, अभिभावक आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करने हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कुंभवली एकलारे ग्रामपंचायत के उपसरपंच पद पर आकाश संखे निर्विरोध नियुक्त

पालघर(उत्तरशक्ति)। जिले के कुंभवली एकलारे ग्रामपंचायत में उपसरपंच पद के लिए हाल ही में हुए चुनाव में शिवसेना के आकाश विकास संखे को निर्विरोध चुना गया है। ग्रामपंचायत के सभी सदस्यों ने एकमत से आकाश संखे के नाम का समर्थन किया, जिससे उनकी नियुक्ति निर्विरोध रूप से संपन्न हुई। अपनी नियुक्ति के बाद आकाश संखे ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे गांव के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर शिवसेना शिंदे गुट के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे, ग्राम पंचायत सरपंच तृप्ति संखे, ग्रामपंचायत सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

क्लियरदेखो का जयपुरिया ग्रुप में विलय

मुंबई। देश का प्रमुख किफायती आईवियर ब्रांड क्लियरदेखो अब देश के प्रतिष्ठित कारोबारी समूह जयपुरिया ग्रुप का हिस्सा बन गया है। विविध क्षेत्रों में कार्यरत जयपुरिया ग्रुप, जिसकी मौजूदगी रिटेल, बेवरेज (पेप्सी बॉटलिंग) और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भागीदारी में है, ने क्लियरदेखो का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया है। यह सौदा क्लियरदेखो के भारत के हर वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण और सुलभ आईवियर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को और पुख्ता करता है। इस अधिग्रहण के तहत जयपुरिया ग्रुप कंपनी का अधिकांश स्वामित्व अपने हाथों में ले चुका है और आने वाले दो वर्षों में सभी मौजूदा शेयरधारक इससे बाहर हो जाएंगे। क्लियरदेखो एक स्वतंत्र ब्रांड के रूप में काम करता रहेगा, लेकिन उसका संपूर्ण प्रबंधन अब जयपुरिया ग्रुप के पास होगा, जो इसके लिए एक सुव्यवस्थित विकास और विस्तार योजना लेकर आया है। भविष्य में इसे समूह की मुख्य इकाई में भी सम्मिलित किया जा सकता है। इस साझेदारी का लक्ष्य आने वाले तीन वर्षों में क्लियरदेखो को 300 करोड़ रुपये की टॉपलाइन तक पहुंचाना है। दीर्घकालिक योजना के अनुसार कंपनी अगले पाँच से सात वर्षों में देश के आईवियर बाजार का कम से कम 10% हिस्सा अपने नाम करना चाहती है। फिलहाल क्लियरदेखो उत्तर भारत में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है और फिर पश्चिमी और दक्षिणी भारत में विस्तार करेगा। कंपनी ने अगले एक वर्ष में 80 से 100 नए स्टोर्स खोलने की योजना बनाई है। क्लियरदेखो की सोच भारत के टियर-2, 3 और 4 शहरों में बिखरे आईवियर बाजार को संगठित करना है। यही उद्देश्य जयपुरिया ग्रुप के उस लक्ष्य से मेल खाता है, जिसमें वह खुदरा क्षेत्र की मजबूत समझ और जन-आधारित ब्रांड्स के साथ एक व्यापक ब्रांड हाउस खड़ा करना चाहता है।

कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में शिवसेना शिंदे गुट ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

शहीद पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में देशभर के साथ-साथ महाराष्ट्र के छह पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद घटना से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है और हर ओर से इस हमले की तीव्र निंदा की जा रही है। इसी कड़ी में पालघर जिले में शिवसेना शिंदे गुट ने इस आतंकी हमले के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार आंदोलन किया। शिवसेना जिलाप्रमुख कुंदन संखे के नेतृत्व में पालघर शहर के हुतात्मा चौक पाचबत्ती पर एकत्र होकर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और आतंकियों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोर सजा देने की मांग की गई।

इस विरोध प्रदर्शन में जिलाप्रमुख कुंदन संखे के साथ उपनेता ज्योती मेहेर, पूर्व राज्य मंत्री मनीषा निमकर, पालघर शहर प्रमुख राहुल घरत, युवासेना जिलाध्यक्ष साईराज पाटील, शहर महिला संघटिका सविता मल्ला, विधानसभा संघटक शंकर नारले, पूर्व नगरसेवक बंड्या मात्रे, अमोल पाटील, एडवोकेट धर्मेंद्र भट, मनोहर संखे, चंद्रशेखर वडे, अक्षय संखे, उपशहर प्रमुख संजू धोत्रे, युवासेना जिल समन्वयक नैवेद्य संखे, कुमार माली, वृषभ वारे, जितू बांदिवडेकर, हरिश्चंद्र कासलेकर, अवधीत सिंह, महिला पदाधिकारी लीना पाटील, दीपा पामाले, नमिता पिंपले, योगिता वडे, सरिता ठाकूर, मंगला गावकर, जानवी गवली, यास्मिन लूलानिया, स्नेहा ठाकूर, नयना गावडे, कल्पना पाटील सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल रहे।

पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की हत्या पर बोले कृपाशंकर, पाकिस्तान का पक्का इलाज जरूरी

मुंबई (उत्तरशक्ति)। मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई हिंदू पर्यटकों की टारगेट किलिंग से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह से नाम और धर्म पूछ कर पर्यटकों को गोली मारी, उससे साफ है कि इस घटना के पीछे आतंकवादियों के सरगना पाकिस्तान का हाथ है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के समय आतंकवादियों द्वारा की गई टारगेट किलिंग के चलते अब पाकिस्तान का पक्का इलाज किया जाना चाहिए। भारतीय सेना को अब ऐसा सर्जिकल स्ट्राइक करना चाहिए कि आतंकवादियों के आका पाकिस्तान अब देश की तरफ आंख उठा कर भी ना देख पाए। उन्होंने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर पूरा भरोसा और विश्वास है कि वे आतंकियों और उनके आका को ऐसी सबक सिखाएंगे कि वे सात जन्म तक भूल नहीं पाएंगे।

आतंकी हमले के खिलाफ कल्याण में आक्रोश

कल्याण (उत्तरशक्ति)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश की लहर फैली हुई है। निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकियों और पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग लगातार की जा रही है। इसी को लेकर कल्याण पूर्व में शिवसेना शिंदे गुट की ओर से आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पूर्व के चक्की नाके पर शिंदे सेना के पदाधिकारी व महिला आघाडी ने इस आतंकियों की नापाक करतूत की कड़ी निंदा की। इस मौके पर कल्याण पूर्व शहर प्रमुख निलेश शिंदे उपजिला प्रमुख राधिका गुप्ते, महिला शहर प्रमुख पुष्पा ठाकरे, पूर्व नगरसेविका राजवंती मढवी, सुभाष गायकवाड़, उमेश शेट्टी, शाखा प्रमुख राजू उजगरे, अन्नू डोंगरे, हेमा भोसले, नीलेश कुंभार, सनम शेख, रुखसाना मोकाशी, और अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान सभी ने पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और महिला कार्यकताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की।

राष्ट्रीय हिन्दू स्वयंसेवक संघ ने अनुराग कश्यप के विवादित बयान के खिलाफ किया जोरदार आंदोलन

मुंबई (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय हिंदू स्वयंसेवक संघ ने अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई विवादित टिप्पणी के खिलाफ दीवा में जोरदार आंदोलन किया । संघ के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता बिपिन कुमार दुबे की अगुवाई में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने जो हिंदू हित की बात करेगा ,वही देश पर राज करेगा इस तरह के नारे लगाकर कश्यप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष व अधिवक्ता बिपिन कुमार दुबे ने बताया कि ब्राह्मण धर्म का ध्वज है (झंडा) है इसका मतलब प्रचारक हैं क्षत्रिय उस धर्म रूपी ध्वज के रक्षक हैं वैश्य उस धर्म रूपी ध्वज के स्तंभ हैं, क्योंकि बिना अर्थ के बिना धन के किसी का प्रचार कार्य हो नही सकता हमारे शुद्र भाई उस ध्वज की मूल हैं, जड़ हैं, जिनके बल पर यह ध्वज टिका हुआ है ये चारो वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्र भगवान के अंग हैं। इनमे से किसी एक को भी गाली देना भगवान को गाली देने के बराबर है। इसलिए अनुराग कश्यप ने ब्राह्मण समाज पर जो विवादित टिप्पणी की है वह संपूर्ण सनातन धर्म का अपमान हैं।

भगवान नारायण का अपमान है।

इसलिए हर विधि से हम सभी सनातनी भाई बहन इनके जैसे धूर्तो का, धर्म द्रोहियो का नाना विधि से निग्रह करेंगे, सर्वनाश करेंगे ! जो हमसे टकराएगा चूर चूर हो जाएगा अनुराग कश्यप होश में आओ होश में आओ किसी भी जाति धर्म पर अत्याचार होगा तो राष्ट्रीय हिंदू स्वयंसेवक संघ इसका सरेआम विरोध करेगा। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से सचिन चौबे परशुराम सेना महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष, शमशेर यादव, अधिवक्ता ओम प्रकाश, रिशु,डीके ,संदीप, सौरभ, रोहित, शिवा,सूरज, विकास, लालचंद सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे। अंत में आंदोलन में शामिल हुए लोगों का संघ के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बिपिन दुबे द्वारा आभार जताया गया।

रायन इंटरनेशनल स्कूल, गोरेगांव में पृथ्वी दिवस उत्सव मनाया

मुंबई (उत्तरशक्ति)। रायन इंटरनेशनल स्कूल, गोरेगांव में अर्थ डे (पृथ्वी दिवस) उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। विद्यालय में अर्थ डे का उत्सव बड़े उत्साह और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के संदेश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद हमारे पूर्व छात्रों ने, जिन्हें विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, प्रेरणादायक संबोधन दिया। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया, क्योंकि उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को समाज एवं पर्यावरण के प्रति योगदान देने के महत्व की याद दिलाई।

हमारे एक छात्र ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर एक विचारोत्तेजक भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें हमारी धरती की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की तत्काल आवश्यकता को उजागर किया गया। जिसने सभी को अपनी दैनिक जीवनशैली में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरणीय क्षरण विषय पर आधारित एक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। समग्र रूप से यह आयोजन जागरूकता, रचनात्मकता और सराहना का एक सुंदर समन्वय था, जिसने यह सुदृढ़ किया कि एक स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में हम सभी की भूमिका है। यह एक सार्थक आयोजन रहा।

बोईसर में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

पालघर(उत्तरशक्ति)। श्री राम जानकी सेवा समिति (रजि) की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का पालघर जिले के बोईसर(पूर्व), बेटेगांव ग्रामपंचायत अन्तर्गत टाटा हाउसिंग न्यू हेवन के सामने स्थित रूप रजत पार्क ग्राउंड में मंगलवार 22 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।

कलश शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीमद् भागवत कथावाचक पंडित श्री अमर कृष्ण जी महाराज (मठ प्रमुख) द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। यह कलश शोभायात्रा टाटा हाउसिंग न्यू हेवन ओसवाल वंडर सीटी होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान मुख्य यजमान संजय सिंह अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना सिंह के साथ में तथा ब्रजेश पान्डेय व पंकज पांडेय ने अपनी धर्मपत्नी के साथ सर पर पोथी और हाथ में कलश लेकर नगर भ्रमण किया। कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर अपने सिर पर कलश लेकर नगर भ्रमण किया। कलश शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों के लिए कमेटी की ओर से महाप्रसाद की भरपूर व्यवस्था की गईं थी। श्री राम जानकी सेवा समिति की ओर से मुख्य अतिथियों के साथ ही साथ बड़ी तादात में नगरवासियों ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस मौके पर बोईसर पुलिस प्रशासन की ओर से कलश शोभायात्रा में शामिल लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस कलश शोभायात्रा को सफल बनाने में श्री राम जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, संस्थापक ब्रजेश पाण्डेय, सचिव पंकज पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, राजेन्द्र छीपा, राजेश झा, मनोज पाण्डेय, महिलाओं में अर्चना ठाकुर, शुभ्रता दास, माया गढ़पांडे, वंदना ठाकुर, कविता मंडेलवाल, अनुष्का कुलकर्णी, रीना पटेल, तुलसी छीपा आदि का विशेष सहयोग रहा।

वसई-विरार मनपा क्षेत्र में बिजली की समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा: राजन नाईक

नरेन्द्र सोनी

वसई रोड (उत्तरशक्ति)। विधायक राजन नाईक ने मंगलवार को जानकारी दी कि वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र में सभी बिजली परियोजनाओं में समस्याओं का समाधान कर क्षेत्र में बिजली की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। वसई विरार महानगरपालिका क्षेत्र में बिजली की समस्या के संबंध में विधायक राजन नाईक ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा। 9 मार्च 2025 को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस संबंध में आज विधायक राजन नाईक ने महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से मुलाकात की। फोर्ट स्थित अपने कार्यालय में संजीव कुमार से मुलाकात की। इस बार संजीव कुमार ने कहा कि सरकार का इरादा वसई-विरार में सभी बिजली परियोजनाओं को तुरंत पटरी पर लाने का है। सबसे पहले, प्राथमिकता के आधार पर चिंकालडोंगरी, विरार और कामन, वसई में सबस्टेशन स्थापित करने का काम प्रगति पर है। इसी प्रकार, सरकार ने जिले के कोपरी में उप-केन्द्र का कार्य भी अपने हाथ में लिया है। इस अवसर पर विधायक राजन नाईक ने कवड़ास में पम्पिंग स्टेशन पर 132 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने तथा सुरक्षा स्मार्ट सिटी परियोजना में विद्युत परियोजना का क्रियान्वयन शीघ्र करने की मांग की। इस पर संजीव कुमार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी तथा आश्वासन दिया कि आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा वसई-विरार शहर जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल उपस्थित थे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

कोतवाली पुलिस ने नाबालिग लड़के का अपहरण करने वाली लेडी डॉन को किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा धारा-115(2), 137(2) बीएनएस व 16/17 पाक्सो एक्ट से संबंधित फरार आरोपित रिंका (काल्पनिक नाम) थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन से मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पीडित काल्पनिक नाम सोनू को भी लाया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये। न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। आपको बताते चलें कि उक्त आरोपी लेडी डॉन अपने मोहल्ले के ही एक नाबालिक लड़के को पिछले हफ्ते सरेआम अपहरण कर लिया था मौके पर पहुंची पुलिस को धक्का मार कर के यह फरार हो गई थी।

अपराधिक इतिहास -1.धारा-115(2), 137(2) बीएनएस व 16/17 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर।

आरोपी के कब्जे से बरामद पीडित, पीडित काल्पनिक नाम सोनू थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तारी/ सहयोग करने वाली टीम- 1.प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र, थाना कोतवाली जौनपुर। 2.उ0नि0 धनन्जय राय चौकी, इंचार्ज सिपाह थाना कोतवाली जौनपुर।3.का0 आनन्द आनन्द कुमार, चौकी सिपाह थाना कोतवाली जौनपुर।4.प्रियंका भारती, थाना कोतवाली जौनपुर।

कायराना आतंकी हमले की राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) जौनपुर इकाई ने की कड़ी निंदा

आपात बैठक में मृतकों को श्रद्धांजलि, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना

आतंकी हमले की राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) जौनपुर इकाई ने कड़े शब्दों में निंदा की है। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि इस बर्बर हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पत्रकार समुदाय में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। संगठन ने इसे देश की आत्मा पर हमला करार दिया।

घटना के विरोध में परिषद द्वारा एक आपात बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू ने की। बैठक की शुरूआत में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही घायल नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजय सिंह, इजहार हुसैन, इम्तियाज अहमद, जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, रियाजुल हक, अनवर हुसैन, राहुल गुप्ता, जिला सचिव असलम खान, रवि केशरी, विधि सलाहकार, अमित तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मो. अल्ताफ संतोष कुमार, जितेंद्र बहादुर सिंह, राजेश सिंह, मो. हारून आदि पत्रकार मौजूद रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने जेसीज चौराहे पर बने अस्थाई पुलिस बूथ/कनात टेन्ट का किया उद्घाटन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में यातायात पुलिस के लिए गर्मी व धूप/हीट वेब के बचाव हेतु अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट को शहर के जेसिज चौराहे लगाया गया। जिसमें शीतल पेय के लिये घड़े व पानी की भी व्यवस्था की गई है। अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक नगर, आयुष श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्रा, अन्य अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य उपस्थित रहे।

जौनपुर शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात व्यवस्था ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु गर्मी/ हीट वेब से बचाव के लिये शहर के निम्नलिखित 10 प्रमुख चौराहों/तिराहों का चिन्हिकरण किया गया है। जहाँ पर अस्थायी कनात टेन्ट लगानें तथा वहाँ पर शीतल पेय के लिये सुराही (स्टैन्ड व मग सहित) की व्यवस्था करायी जायेगी। आज जेसिज चौराहे पर अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट को लगाया गया है, शेष 09 चौराहों पर भी इनको लगाये जाने का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

कनात टेन्ट लगनें वाले शेष 09 स्थानः (1) पचहटिया तिराहा, (2) वाजीदपुर तिराहा (3) पालिटेक्निक चौराहा (4) शाहगंज पड़ाव (5) मछलीशहर पड़ाव (6) बदलापुर पड़ाव (7) कोतवाली तिराहा (8) सद्भावना तिराहा (9) अटाला तिराहा।

जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डालाः सफ्फु भाई

विश्व पृथ्वी दिवस रॉयल कैम्ब्रिज के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पृथ्वी दिवस पर जहां पूरे भारत मे

जगह जगह जागरूकता अभियान, गोष्ठी, आदि का आयोजन किया गया।तो वहीं शाहगंज के मोहल्ला इराकियाना रॉयल कैम्ब्रिज स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों एक जागरूकता रैली निकाली।जिसे मुख्य अतिथि समाजसेवी शफअत अशफाक उर्फ सफ्फु भाई ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।बच्चे हाथ मे स्लोगन लिखे तख़्तियाँ लेकर चल रहे थे। और पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहे थे। रैली इराकियाना से नगर नगर भर्मण कर पुनः अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। जहां बच्चों और उपस्थित गणमान्यों को सम्बोधित करते हुए कहा की पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पर्यावरणविदों के माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। पृथ्वी दिवस जीवन संपदा को बचाने व पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डाला है। संसाधनों के सही इस्तेमाल के लिए पृथ्वी दिवस जैसे कार्यक्रमों का महत्व बढ़ गया है।

पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए

आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरस्वती सदन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शोक सभा का आयोजन किया, दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने इस हमले की कड़ी निंदा की। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस घटना से पूरे देशवासियों को गहरा दुःख हुआ है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह, डीआर अमृत लाल, बबिता सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राकेश यादव, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।इसी क्रम में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा भी श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही संकाय भवन से विश्वविद्यालय गेट तक शांति मार्च निकला गया। शांति मार्च में शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए और घटना की निंदा की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.शशिकांत यादव ने किया। शांति मार्च में प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. राम नारायण, डॉ. एस पी तिवारी, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ सुनील कुमार, डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. नितेश जायसवाल, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. अश्वनी कुमार यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुई।

सांसद वीरेंद्र सिंह ने किया रिंग रोड फेज-3 का निरीक्षण, अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को निमार्णाधीन रिंग रोड फेज-3 के अंतर्गत गंगा नदी पर बन रहे पुल और मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और निर्माण कार्य में हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त किया। सांसद ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों से कहा कि यदि मई के पहले सप्ताह तक चार पहिया वाहनों के लिए रास्ता नहीं खोला गया तो वह इस स्थान पर धरना देंगे। सांसद ने कहा कि आप लोग बहुत समय ले चुके हैं और लगातार वायदे किए हैं, लेकिन वह सभी विफल साबित हुए हैं। यदि इस बार आपकी जुबान खाली गई तो सारी जवाबदेही आपकी होगी।

सांसद वीरेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। यदि निर्माण कार्य में कोई भी बाधा है, चाहे वह रेलवे संबंधित हो या किसी अन्य कारण से, तो वे सभी मिलकर उस बाधा को दूर करेंगे। लेकिन, काम समय पर पूरा होना चाहिए क्योंकि अब जनता और अधिक इंतजार करने की स्थिति में नहीं है।निरीक्षण के दौरान,

सांसद वीरेंद्र सिंह ने परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वाराणसी से मुलाकात की और उनसे सड़क निर्माण की गति को तेज करने की मांग की। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि वह 28 अप्रैल को सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलने के लिए समय मांगेंगे और उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में ठेकेदार की लापरवाही को उजागर करने के लिए वह मंत्री से भी शिकायत करेंगे।सांसद ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि परियोजना के तहत निमार्णाधीन ब्रिज और अन्य कार्यों में गति लाने की आवश्यकता है। फिलहाल, अधिकारियों ने सांसद को आश्वासन दिया कि अब ज्यादा काम बाकी नहीं है और मई माह के पहले सप्ताह तक गंगा नदी पर बन रहा पुल और मार्ग चार पहिया वाहनों के लिए खोला जाएगा।इसके बाद, सांसद ने भारत माला परियोजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया, जो जीरो पॉइंट से शुरू हो रहा है। इस कार्य की प्रगति को लेकर सांसद ने संतोष व्यक्त किया और इसे और अधिक गति देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद के साथ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, मीडिया प्रभारी संतोष यादव, पूर्व चेयरमैन मुसाफिर सिंह चौहान, सुदामा यादव, नफीस अहमद, वीरेन्द्र यादव, अशफाक अहमद गुड्डू, राहुल सिंह, धीरज पटेल समेत कई कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।केराकत थाना क्षेत्र के ग्राम आहन निवासी रूपनारायण चौहान 65 वर्ष बीती शाम शौच जाने के लिए रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे थे कि अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई, गेटमैन ने उनके परिवार को किसी तरीके से सूचना भेजा, सुचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है परिवार वालों ने बताया कि वह कान से कुछ कम सुनते थे,शायद इसी लिए ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाए।

अज्ञात कारणों से लगी आग लाखों का नुकसान

धर्मेंद्र कुमार शर्मा, बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव में बीती रात्रि को अज्ञात कारणों से घर सहित किराने की दुकान

में अचानक आग लग गई जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। वही पीड़ित धर्मेंद्र पुत्र बैजनाथ ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि बगल में स्थित हमारी किराने की दुकान भी उसकी चपेट में आ गई। दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना पर ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

मनबढ़ों ने रिटायर्ड इन्स्पेक्टर के घर पर फेंके ईंट पत्थर, मुकदमा दर्ज

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। लाइनबाजार थाना क्षेत्र के हरिबन्धनपुर में बीती रात रिटायर्ड सब इन्स्पेक्टर के मकान पर कुछ मनबढ़ों ने ईट पत्थर फेकें। किसी बड़ी अनहोनी को लेकर दम्पति ने इसकी शिकायत लाइन बाजार थाना पुलिस से की है। पुलिस इस मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के उमरपुर हरिबन्धनपुर निवासी रिटायर्ड सब इन्स्पेक्टर मनोरमा सिंह ने बीती देर शाम को लाइन बाजार थाने में दी हुई तहरीर में आरोप लगाया है कि सोमवार की रात लगभग 10 बजे उनके मकाने के दुसरे तल पर कुछ मनबढ़ युवकों द्वारा ईंट पत्थर फेकें गये। रात में ही ईंट की आवाज सुनकर वह घबरा गयीं थी। सुबह जब घर पर लगे सी सी टी वी कैमरें को देखा तो चार की संख्या में मुह पर गमछा बाने लोगों द्वारा ईट पत्थर चलाने की बात सामने आयी। उन्होने लिखित तहरीर लाइन बाजार थाना पुलिस को दे दी है।थाना प्रभारी लाइन बाजार सतीश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शाहगंज के कुछ होटल अवैध देह व्यापार का बन रहा अड्डा

प्रशासन की उदासीनता से संचालकों को मिल रहा बल

विशाल सोनी, शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बीते सोमवार को नाबालिक किशोरी के साथ होटल में सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने पूरे जनपद को झकझोर कर रख दिया।सवाल उठता है नगर के फैजाबाद मार्ग स्थित कुछ होटलों में देह व्यपार की खबरें अक्सर मिलती रहती है।एकाध बार तो पुलिस ने छापेमारी कर धर पकड़ भी किया था।मगर उसमें भी लीपापोती होकर कोरमपूर्ती तक ही रह गयी।बताया जाता है की इन होटलों में आन काल लड़कियों को बुलाया जाता है और फिर ग्राहकों को होटल का रूम मुहैया करा दिया जाता है।इतना सब होने के जब आम आदमी तक इन सब बातों को जान जाता है तो उठना लाजमी है की प्रशासन को इसकी भनक क्यों नही लगती है और भनक लगती भी है तो इन पर कार्यवाई क्यों नही होती है।

कश्मीर के पहलगाम में कायराना आतंकी हमले की केराकत अधिवक्ताओं ने की निंदा

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कश्मीर के पहलगाम में कल हुए कायराना आतंकी हमले की केराकत बार एसोसिएशन ने कड़ी निंदा की है। इस बर्बर घटना में निर्दोष नागरिकों की जान जाने से पूरा देश स्तब्ध है और संपूर्ण अधिवक्ता समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है। बार एसोसिएशन ने इस शर्मनाक हमले को देश की आत्मा पर हमला बताया है।विदित हो कि पहलगाम में हुए इस आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए केराकत बार एसोसिएशन ने आपात बैठक अध्यक्ष एड.राजमणि यादव की अध्यक्षता में आयोजित कर मृतक आत्मा के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी राजस्व न्यायालयों में कार्य स्थगित करने का निर्णय लिया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय, मांधाता सिंह, राघवेंद्र सिंह, महामंत्री दिनेश पांडे, भानु प्रताप गिरी, इतेश श्रीवास्तव, मनोज उपाध्याय, अनिल गांगुली, रविंद्र कुमार, कामता प्रसाद नगर व सुनील कुमार भारती समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

नवीन भवन में बैंक शाखा का शुभारंभ 28 अप्रैल से

अल्ताफ कादरी, सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। रॉबर्ट्सगंज रोडवेज बस स्टैंड के समीप संचालित भारतीय स्टेट बैंक पर्सनल बैंकिंग शाखा को ग्राहकों की,उत्कृष्ट सेवा व आधुनकि व्यवस्थाओं के साथ नए भवन चूर्क मोड़ के पास विश्वनाथ रॉयल एनफील्ड के बगल में स्थानांतरित होकर दिनांक 28 अप्रैल 2025 से शुरू हो रहा है । सभी सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध है दिनांक 28 अप्रैल 2025 से सभी बैंकिंग सेवाओं हेतु बैंक शाख के नए पते पर संपर्क करें। इस आशय की जानकारी भारतीय स्टेट बैंक पर्सनल बैंकिंग शाखा प्रबंधक सुश्री श्वेता जायसवाल ने दी।



State Bank of India
PBB Robertsganj Branch
Ph. No.05446-252268
Email ID- sbi.16713@sbi.co.in
Office email ID- sbi.16713@sbi.co.in
Code no.-16713

Dainik Jagran
Robertsganj
District - Sonbhadra

Date:23/04/2025

Public Notice in Newspaper

As our branch (Personal Banking Branch - 16713) will be shifted from Roadways Bus stand Robertsganj to Churk Mod Near Royal Enfield Agency Chupka Robertsganj and start operation with effect from 28.04.2025.So we request you to publish above information in newspaper in following format :

" We(SBI) are pleased to announce the shifting of our SBI Personal Banking Branch Robertsganj to a more convenient and spacious loaction. With effect from 28/04/2025.

The new address is :

SBI Personal Banking Branch Robertsganj Churk Mod Near Royal Enfield Agency Chupka Robertsganj Sonbhadra

Our telephone numbers are : 8112316039

(Branch Manager) "

Regards

Branch Manager

पत्रकार कुँवर यशवंत सिंह का निधन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुँवर यशवंत सिंह का बुधवार की प्रातः निधन हो गया। उन्होंने अपने पैतृक गांव पोरईखुर्द में अंतिम सांस ली। वह करीब अस्सी वर्ष के थे। निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों ने आवास पहुँचकर शोक संवेदना प्रकट की। पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वह विकास खण्ड सोंधी में 1974 से 1984 तक नायब ब्लॉक प्रमुख रहे। कई शिक्षण संस्थानों में संस्थापक सदस्य के अलावा श्रमजीवी पत्रकार संघ के संरक्षक भी रहे। उनका अंतिम संस्कार देर शाम खुटहन के पिलकिछा घाट पर किया गया। मुख्यग्नि बड़े बेटे अजय सिंह ने दिया।

उन्होंने अपने पीछे दो बेटे और एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ दिया ।निधन की खबर लगते ही काफी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, पत्रकार व जनप्रतिनिधि आवास पहुँच कर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वाले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख ईश नारायण यादव, पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव, प्रधान इस्त्रायल, कृपा शंकर राजभर, इंद्रेश राजभर, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, अनिल कुमार उपाध्याय समेत दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया। उधर पत्रकारों ने खेतासराय स्थित कैंप कार्यालय में बैठक करके पहलगाम में 26 यात्रियों की हुई हत्या गहरी शोक संवेदन व्यक्त करते हुए सरकार से मांग किया कि दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

इस दौरान जिले के वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुँवर यशवंत सिंह के निधन पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार राममूर्ति यादव, इंद्रजीत सिंह मौर्य, मोहम्मद अरशद, यूसुफ खान, आनंद सिंह, सैयद तारिक, अजीम सिद्दीकी, हाजी जियाउद्दीन, विवेक श्रीवास्तव, सुरेश प्रजापति, मो फहीम, राकेश शर्मा, अजय श्रीवास्तव, औरंगजेब अन्य शामिल रहे।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, वृद्ध दम्पत्ति की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के बनगवा गांव में बुधवार सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें वृद्ध दम्पत्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताते है कि उक्त गांव निवासी 73 वर्षीय साधु गौतम अपने छप्पर में 70 वर्षीय पत्नी शोभावती के साथ लेटे हुए थे। आगजनी के बाद दोनों की मौत हो गई। पड़ोसी अमृत लाल के घर से आग की लपट निकल कर साधु के छप्पर में पकड़ लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, और साधु गौतम का छप्पर अपने जद में ले लिया। छप्पर में लेटे शोभावती और साधु गौतम आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों को द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन छप्पर में वृद्ध होने की वजह से पत्नी निकल नहीं पाई।बचाने की कोशिश में साधु बुरी तरह झुलस गए।परिजन साधु को जिला अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।साधु गौतम के पास एक पुत्र प्यारेलाल है जो की मजदूरी का कार्य करते हैं और वह इस समय बीमार है। वहीं वृद्ध पिता-माता की मौत से प्यारेलाल सदमे में है। बातचीत में बताया की घर में रखा पांच कुंतल गेहूं, एक पंखा, एक पालतू खरगोश, एवं गृहस्थी का सामना जल गया है।

आतंकी हमले की धर्मगुरुओं ने किया भर्त्सना, किसी भी सूरत में इन्हें बक्सा ना जाए

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। मंगलवार को आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए 26 लोगों को शहीद कर दिया।

दिल को दहला देने वाले इस आतंकी हमले के विरोध में बेगमगंज स्तिथ जामिया इमाम जाफर सादिक में धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया।

शोकसभा में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए और घायलों की सलामती के लिए दुआ की गई । और इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की मांग किया । इस मौके पर धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की हम सख्त लफ्जों में निंदा करते हैं और जो लोग मारे गए हैं उनके परिजनों से हमदर्दी का इजहार करते हैं साथ ही घायलों को जल्दी स्वस्थ होने के लिए दुआ करते हैं ।उन्होंने कश्मीर की आवाम से अपील करते हुए कहा कि अमन और शांति बनाए रखें और आतंकवाद को खत्म करने में मदद करें। इसके साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। मौलाना ने केंद्र सरकार से भी अपील की है कि हमले के जिम्मेदार लोगों को खासकर पाकिस्तान को ऐसी सजा दिया जाए ताकि आने वाली उनकी नस्ले याद रखे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मौके पर मौलाना अम्बर अब्बास खान, मौलाना शाजान जैदी, मौलाना जियाफ्त हुसैन, शम्सुल हसन, सादिक रिजवी, आकिफ हुसैनी आदि के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने सबसे अधिक भूसा दान करने वाले समाजसेवियों और ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में सबसे अधिक भूसा दान करने वाले समाजसेवियों और ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान उन्होंने विभिन्न गोशालाओं में सर्वाधिक भूसा दान करने वाले दानदाताओं को सम्मानित करते हुए बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा एवं मुख्य सचिव जी के कुशल निर्देशन में जनपद में निराश्रित गोवंशों के चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समाजसेवियों, ग्राम प्रधानों व संभ्रांत और सक्षम लोगों से भूसा दान लेने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में 4 दिन के भीतर जनपद में लगभग 7000 कुंतल भूसा दान द्वारा संग्रहित किया गया है। जनपद में दान के माध्यम से करीब 30000 कुंतल भूसा संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। जिसे इस महीने के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा।

समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले ज्ञान प्रकाश सिंह जिनके द्वारा 251 कुंतल, उमाशंकर सिंह के द्वारा 30 कुंतल, गया प्रसाद अग्रहरी के द्वारा 30 कुंतल ,जय हिंद के द्वारा 22 कुंतल और धर्मेंद्र यादव के द्वारा 15 कुंतल भूसा दान देने पर जिलाधिकारी द्वारा समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह के प्रतिनिधि शिवा सिंह और उमाशंकर सिंह, गया प्रसाद अग्रहरी ,जय हिंद यादव और धर्मेंद्र यादव को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार भूसा दान करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने जनपद के सक्षम लोगों से अपील किया है कि इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अधिक से अधिक भूसा दान करें जिससे जनपद के गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान सहित अन्य उपस्थित रहें।

पहलगांव घटना की निंदा दी गई श्रद्धांजलि

सुजानगंज(उत्तरशक्ति)। मंगलवार को कश्मीर पहलगाम में आतंकियों द्वारा जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया गया इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। धर्म के नाम पर ऐसी घटनाओं को अंजाम देना अत्यंत ही निंदनीय है ।उक्त उद्गार जेपी इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा विद्यालय परिवार मृतकों के परिजनों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। एक अन्य समाचार के अनुसार राधा कृष्ण मंदिर सुजानगंज पर हिंदू संगठनों ने शीतला प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया । शोक सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पहलगाम की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से मांग किया कि दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जानी चाहिए। अब हिंदू समाज और बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है। संबोधित करने वालों में दिनेश मिश्रा जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद देवेंद्र सिंह गोरक्षा प्रमुख संतोष मौर्य आदि मुख्य थे इस अवसर पर सुरेश पांडे,धीरज गुप्ता, वीरेंद्र सिंह,रामप्रकाश चतुर्वेदी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

स्टाफ नर्सों ने अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जिला महिला चिकित्सालय में मंगलवार को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अग्नि सुरक्षा को लेकर शपथ ली। यह कार्यक्रम सभी चिकित्सा संस्थानों में 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक मनाए जा रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत हुआ। इसके तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डा. विनय यादव ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर अग्नि सुरक्षा की जानकारी होना आवश्यक है। यदि आमजन और स्वास्थ्यकर्मी समय पर उचित कार्रवाई करना जानेंगे तो आगजनी की घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने जागरूकता अभियानों को नियमित आयोजित करने की आवश्यकता बताई। कहा- इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रशिक्षण भी आपातकालीन स्थिति में एक बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं और कई लोगों की जान बचा सकते हैं। इस दौरान चिकित्सालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उपस्थित तीमारदारों ने अग्नि सुरक्षा के लिए शपथ ली।

पति के लिए भिड़ी दो पत्नियां, जमकर की मारपीट

मेरठ (उत्तरशक्ति)। ईश्क, बेवफाई और फिर विवाद का एक और मामला मेरठ में सामने आया। यहां एक पति को लेकर दो पत्नियां आपस में भिड़ गईं। दोनों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। एक दूसरे के बाल पकड़कर खींचे। जानकारी के अनुसार मेरठ के ब्रहम्पुरी थाने के गेट पर उस वक्त हंगामा हो गया जब एक पति के लिए उसकी दो पत्नियां आपस में भिड़ गईं। दोनों ने बीच सड़क पर एक दूसरे को जमकर पीटा। वहीं इस पूरे ड्रामे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरअसल क्षेत्र निवासी इरशाद ने हाल ही में पत्नी को बिना बताए दूसरी शादी कर ली। इसकी भनक जैसे ही मायके में रह रही पहली पत्नी को लगी तो वह ब्रह्मपुरी पहुंच गई। वहीं इरशाद का कहना है कि उसकी पहली पत्नी चार बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई थी। आठ माह तक इंतजार करने के बावजूद वह नहीं लौटी। इसके बाद इरशाद ने दूसरी शादी कर ली। पता चलते ही पहली पत्नी वापस आने की बात करने लगी और साथ रहने की जिद करने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि पहली पत्नी ने अपना भाई बुला लिया। इसके बाद परिवार थाने पहुंचा तो थाने के बाहर ही पति की पिटाई कर दी। दोनों पक्षों में लात-घूंसे चले, और मारपीट में दोनों महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने हस्तक्षेप कर किसी तरह हालात काबू में किए और दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग करने के आरोप में धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

मोबाइल लूटकर ऑनलाइन कंपनी को बेचने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

कानपुर(उत्तरशक्ति)। राह चलते लोगों से मोबाइल लूटकर उन्हें कम दामों में ऑनलाइन कंपनी को बेचने वाले दो लुटेरों को नौबस्ता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के दो मोबाइल और घटना में इस्तेमाल ओला स्कूटी बरामद की है। आरोपियों की पहचान शिवकटरा निवासी जसप्रीत सिंह और काजीखेड़ा लाल बंगला निवासी आयुष गुप्ता के रूप में हुई है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि दोनों लुटेरों ने 16 अप्रैल को यशोदानगर में एक लड़की का मोबाइल लूटा था। इसी की जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास के फुटेज में आरोपियों के चेहरे दिखे। इसके बाद से युवकों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार दोपहर पुलिस को सीओडी नाला रोड पर उसी हुलिए से मिलते-जुलते दो युवकों के खड़े होने की जानकारी मिली। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर दोनों को जलकल पार्क से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मोटर चोरी के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया

गाजीपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली पुलिस ने लघु डाल पंप नहर सायर से पांच हार्स पावर का वैक्यूम मोटर चोरी के मामले में एक किशोर आरोपी सहित दो आरोपियों को बिहार बार्डर से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई में जुट गई। मालूम हो कि बीते शनिवार की रात सायर लघु डाल पंप नहर पर संविदा कर्मचारी को असलहे के बट से मारकर बदमाश मोटर उठा ले गए थे। अवर अभियंता ओमप्रकाश कुशवाहा ने मोटर चोरी सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाल अशेषनाथ सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम को चौकी प्रभारी बारा विवेक कुमार पाठक पुलिस टीम के साथ बिहार बार्डर पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक से बिहार की तरफ जा रहे दो युवकों को रोका तो वह भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने मोटर ले जाने की बात स्वीकार की। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने मोटर भी बरामद कर ली। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रौजा निवासी अखिलेश यादव बताया।

जम्मू आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट

बलरामपुर (उत्तरशक्ति)। नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के साथ स्थानीय पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के बाद सीमा पर आवाजाही की निगरानी बढ़ा दी गई है। चेकपोस्ट पर लोगों से पूछताछ और सामानों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने सीमावर्ती थानों के साथ ही पूरे जिले की पुलिस को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। एसपी ने बताया कि सीमावर्ती गांवों में लगातार निगरानी और गस्त की जा रही है। सीमावर्ती बाजारों में भी एसएसबी और पुलिस टीमें एहतियात बरत रही हैं। बुधवार को एसएसबी और पुलिस ने बालापुर बाजार, मोहकमपुर, बघेलखंड, जरवा में गस्त करने के साथ ही कस्बे के लोगों को जागरूक किया। सीमावर्ती 46 गांवों में पुलिस व एसएसबी टीम जागरूक किया जा रहा है, वहां के ग्राम प्रहरी, प्रधान, रोजगार सेवक व पंचायत सहायकों को गांवों की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी तरह की संदिग्ध स्थिति पर तत्काल सूचित करने के लिए सजग किया गया है। जरवा के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि पूरे क्षेत्र में सतर्कता बरती जा रही है। नौवीं वाहिनी एसएसबी कमांडेंट मनोरंजन पांडेय ने बताया कि टीम पूरी तरह मुस्तैद है।

भूलेख कार्यालय से संबद्ध लेखपाल घूस लेते गिरफ्तार

बस्ती। कलक्ट्रेट स्थित भूलेख कार्यालय से संबद्ध लेखपाल अभिनव ओझा को एंटी करप्शन की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। भानपुर तहसील में उसकी तैनाती थी, मगर शिकायतों की वजह से भूलेख कार्यालय से संबद्ध किया गया था। टीम कई दिनों से उसे ट्रैप करने का प्रयास कर रही थी। चिकित्सा प्रतिपूर्ति पटल के काम के लिए यह रकम मांगी गई थी। कोतवाल राना डीपी सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन के इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। इस केस की विवेचना एंटी करप्शन थाने को स्थानांतरित की जा रही है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्थ डे पर पर्यावरणीय स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

पटना (उत्तरशक्ति)। इस पृथ्वी दिवस पर जब पूरी दुनिया हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के तहत एकजुट हो रही है, हमें याद आता है कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) में, यह प्रतिबद्धता हमारे अहम मूल्यों में अंतर्निहित है झ जो हमें न केवल वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले पावरट्रेन सहित विभिन्न विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों को नया रूप देने और पेश करने के लिए प्रेरित करती है बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से लचीली दुनिया की खोज में अक्षय ऊर्जा को अपनाने सहित ऐसी सामूहिक पहल का नेतृत्व भी करती है जो निरंतर जारी रहें। 2015 में घोषित वैश्विक टोयोटा की पर्यावरण चुनौती 2050 (चुनौती 1-6) के अनुरूप, हम टीकेएम में उत्पादों से आगे बढ़कर, विनिर्माण कार्यों और हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को शामिल करके, कार्बन तटस्थता की ओर अपने पारगमन को तेज कर रहे हैं। टोयोटा के ग्रीनवेव प्रोजेक्ट के तहत, मियावाकी विधि से, हमने 328,000 से अधिक पेड़ लगाए हैं, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल किया है और हमारे परिसर में 790 से अधिक देशी पौधों की प्रजातियों तथा 400 से अधिक जीव प्रजातियों के साथ जैव विविधता को समृद्ध किया है। पिछले साल ही, हमारे परिसर के बाहर 8,000 से अधिक पौधे लगाए गए ताकि हमारी हरित पहुंच को और भी आगे बढ़ाया जा सके। हमारा इकोजोन, एक 25 एकड़ का अनुभवात्मक शिक्षण स्थान है, जिसने 40,000 से अधिक छात्रों और हितधारकों को ज्ञान और प्रेरणा के साथ सशक्त बनाया है, जो पर्यावरण संरक्षक बनने के लिए सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को आत्मसात करते हैं।

ट्रेन की चपेट में आने से 10वीं के छात्र की मौत

कानपुर (उत्तरशक्ति)। फजलगंज थानाक्षेत्र में मोबाइल की लत ने बुधवार को 10वीं के छात्र की जान ले ली। छात्र ईयरफोन लगाकर तेज आवाज में गाना सुनते हुए रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इस बीच वहां से गुजर रही ट्रेन के लोको पायलट ने हॉर्न भी दिया, लेकिन ईयरफोन के चलते छात्र को सुनाई नहीं दिया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दर्शनपुरवा के छंगीलाल का हाता निवासी प्राइवेट कर्मी नीरज त्रिवेदी का इकलौता बेटा निशांत त्रिवेदी (14) शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं का छात्र था। पिता नीरज ने बताया की निशांत पढ़ने-लिखने के साथ क्रिकेट का अच्छा खिलाड़ी था। वह रोज की तरह बुधवार को गुमटी नंबर पांच स्थित

कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकला था। वापसी में ईयर फोन लगाकर गाना सुनते हुए छोटे गुरुद्वारे के पास रेलवे लाइन पार करने लगा। स्थानीय लोगों के अनुसार लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक से हटने के लिए हॉर्न भी दिया, लेकिन ईयरफोन लगा होने के चलते उसे सुनाई नहीं दिया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची फजलगंज पुलिस ने जांच पड़ताल कर छात्र के पास मिले मोबाइल नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी। इकलौते बेटे की मौत की सूचना पर परिजनों संग मौके पर पहुंची मां कंचन बेटे का क्षत विक्षत शव देख बेसुध हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राहगीर चिल्लाते रहे, निशांत चलता रहापुलिस के अनुसार निशांत जब रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, उसके कान में ईयरफोन लगा था। ट्रेन आता देख वहां मौजूद राहगीरों ने शोर मचाते हुए उसे रेलवे ट्रेक से टहने के कहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का करेंगे शिलान्यास

दरभंगा (उत्तरशक्ति)। क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और निरंतर विकास को प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में 24 अप्रैल को रेल अनलोडिंग सुविधा से सुसज्जित अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास किया जाएगा। उक्त बातें गेहुमी स्थित बीपीसीएल गैस क्षेत्र कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय डिप्टी डायरेक्टर जनरल डी के ओझा ने कही। इस अवसर पर बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक एस अब्बास अख्तर व बीपीसीएल के डीजीएम सौरव जैन ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस परियोजना की मुख्य विशेषताएं बताते हुए कहा कि 340.15 करोड़ की लागत से विकसित होने वाली इस महत्वकांक्षी परियोजना को 31 मार्च, 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अत्याधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट प्रतिवर्ष 180 हजार मीट्रिक टन (टीएमटीपीए) की क्षमता से सुसज्जित होगा। इस अत्याधुनिक अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) से युक्त प्लांट में एलपीजी की बेहतर प्राप्ति एवं भंडारण के लिए रेलवे अनलोडिंग साइडिंग, सुरक्षित भंडारण हेतु माउंडेड स्टोरेज वेसल (एमएसवी) तथा सुव्यवस्थित संचालन के लिए 2७24 स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक कैरोसेल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना उत्तर-पश्चिम बिहार एवं उत्तर-मध्य बिहार में एलपीजी की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। इस परियोजना के निर्माण चरण के दौरान अनुमानित 1.2 लाख मानव-दिवस रोजगार के सृजन की संभावना है। परियोजना के पूर्ण होने पर, यह विश्वसनीय और बेहतर एलपीजी आपूर्ति के माध्यम से स्थानीय आबादी की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। भारत की अटूट विकास यात्रा की प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह परियोजना क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति के साथ-साथ सड़क परिवहन से संबंधित कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, वाष्प पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया (वेपर रिकवरी प्रोसेस) के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को घटाएगी और सालाना लगभग 11,000 मीट्रिक टन सीओ 2 ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाएगी, जो लगभग 5 लाख पेड़ लगाने के प्रभाव के बराबर है। यह अत्याधुनिक प्लांट, घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण ईंधन के रूप में एलपीजी की विश्वसनीय और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा।

झोपड़ी में आग लगने से चार साल की बच्ची जिंदा जली

बरेली (उत्तरशक्ति)। बरेली के बहेड़ी तहसील क्षेत्र के गांव उतरसिया महोलिया में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां दो झोपड़ियों में आग लग गई। इससे चार साल की बच्ची अलिस्मा पुत्री दिलशाद की जलकर मौत हो गई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। पास के खेत में भी आग फैल गई, जिससे गेहूं की फसल जल गई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। वहीं पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बरेली भेजा। जानकारी के मुताबिक गांव उतरसिया महोलिया निवासी दिलशाद गांव बाहरी छोर पर झोपड़ीनुमा घर में परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को दोपहर करीब एक बजे दिलशाद की पत्नी खाना बना रही थी। चार साल की बच्ची अलिस्मा झोपड़ी के अंदर सो रही थी। इसी दौरान किसी तरह झोपड़ी में आग लग गई। यह देख दिलशाद की पत्नी चीखते हुए बाहर भागी, बच्ची अंदर ही रह गई। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। दूसरी झोपड़ी और पास के खेत में भी आग फैल गई। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने पुलिस फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।

पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मासूम जिंदा जल गई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानु प्रताप राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों से घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है, वहीं बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि छप्पर के दो घरों में आग लगने से नुकसान हुआ है। एक बच्ची की मौत हो गई है।

एमएलसी लाल बिहारी यादव से क्षेत्रीय लोगों ने की मुलाकात

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। वाराणसी मंडल के एमएलसी नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश सरकार लाल बिहारी यादव से उनके आवास बिशुनपुर आजमगढ़ में औपचारिक मुलाकात हुई। जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता उत्तर यादव युवा संघ कैलाश चंद्रधारी यादव, एमएलसी के सहपाठी रहे पूर्व प्रधानाध्यापक, पूर्व प्रधान सराय भादी भदिया फौजदार यादव, कपिल तिवारी, वर्तमान प्रधान राम नवल यादव, उद्योगपति दुखरन यादव मौजूद रहे। जहां पर विभिन्न सामाजिक मुद्दों वह वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश में हो रहे हत्या व आपराधिक वारदातों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बता दे की एमएलसी लाल बिहारी यादव ऐसे व्यक्तित्व की धनी है। जिनके माध्यम से समाज के निचले तपके के लोगों को सहयोग मिलता रहता हैं। बहुत से लोगों को भयंकर बीमारियों में आर्थिक सहयोग से लेकर जितना हो सकता है उतना सहयोग करते रहते हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि मैं आप लोगों के बीच इसी तरह समाज सेवा व जरूरतमंद लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा।

ट्रेन पलटाने की साजिश,रेलवे ट्रैक पर मिला लोहे का दरवाजा

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। उतरेटिया में मंगलवार रात रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखा मिला। माना जा रहा है कि अराजक तत्वों ने ट्रेन पलटाने की साजिश रची थी। मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सुरक्षा एजेंसियां साजिशकताओं के बारे में पता लग रही हैं। सर्विलांस की मदद से अराजक तत्वों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक रेलवे कर्मी अनिल कुमार पांडे की ओर से केस दर्ज कराया गया है। अनिल का कहना है कि बुधवार तड़के करीब 3:45 बजे उन्हें रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखने की सूचना मिली थी। रात 3:45 के करीब लोहे के दरवाजे के ऊपर से ट्रेन गुजर गई। गनीमत रही की कोई हादसा नहीं

हुआ। इसकी वजह से कई सारी ट्रेनें प्रभावित हो गई। बुधवार तड़के अनिल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर लोहे के दरवाजे के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त पाए गए। रेलवे कर्मियों ने ट्रैक और उसके आसपास मौजूद लोहे के दरवाजे और उसके हिस्से को वहां से हटाया इसके बाद ट्रेन का संचालन शुरू हो सका। हाल में ही रहीमाबाद में भी रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का गुटका रखा गया था। वहां पर भी ट्रेन पलटने की साजिश रची गई थी। इस संबंध में पुलिस और रेलवे के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया था और आसपास के लोगों से पूछताछ की थी। हालांकि, रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का गुटका किसने रखा था।

बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने पर 49 के खिलाफ केस

बस्ती ,वाल्टरगंज। थाना क्षेत्र के कोइलसा गांव में बिना अनुमति के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नौ नामजद और 40 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को सुबह 11:30 बजे कोइलासा गांव के बीपीओ संदीप कुमार सिंह ने सूचना दी कि बड़ी संख्या में लोग आंबेडकर पार्क की भूमि को क्षति पहुंचाते हुए बिना छत के चबूतरे पर प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। पुलिस पहुंची और लोगों को शांत कराया।

कृष्णा यादव भाजपा कलवा मंडल अध्यक्ष नियुक्त

ठाणे। महानगर पालिका के चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ठाणे शहर ने अपनी अग्रिम तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है।भारतीय जनता पार्टी ठाणे शहर ने इस बार युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपी है तो वहीं 51% वोट हासिल करने का लक्ष्य बनाते हुए उत्तर भारतीय नौजवानों को मौका दिया है। कलवा शहर में विगत कई वर्षों से उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में अपनी छाप छोड़ने वाले भाई कृष्णा यादव को भाजपा ने कलवा मंडल अध्यक्ष पद देकर सुशोभित किया।कृष्णा यादव को कलवा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर नगरवासियों में खुशी की लहर फैल गई। उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।कृष्णा यादव उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद से आते हैं। उनके पिताजी परिश्रमी किसान के साथ-साथ उत्कृष्ट छवि के सामाजिक व्यक्ति भी हैं।जिनके माता-पिता में इतने गुण हैं वह व्यक्ति वास्तव में गुणवान होगा।

यूपीएससी परीक्षा में चयनित बच्चों ने बढ़ाया जौनपुर का गौरव: कृपाशंकर सिंह

जौनपुर। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में जौनपुर के 5 प्रतिभावान बच्चों का चयन हुआ है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने सभी चयनित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद का गौरव बढ़ाने वाले सभी प्रतिभाशाली बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का अभिनंदन। उन्होंने कहा कि जौनपुर हमेशा से शिक्षा का केंद्र रहा है । यहां के बच्चों ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है। कृपाशंकर ने जनपद के प्रतिभाशाली बच्चों के साथ-साथ यूपीएससी में टॉप करने वाली प्रयागराज की शक्ति दुबे का भी अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती।

संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में भी अनेक बच्चों ने उपलब्धि हासिल की है। इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। जनपद के जिन बच्चों का यूपीएससी परीक्षा में चयन हुआ है, उनमें आस्था सिंह, अभिषेक सिंह, प्रशांत सिंह, रजत सिंह और गौतम सिंह का समावेश है।

पालक मंत्री गणेश नाइक को मिले खासदार डॉक्टर सांवरा

वसई रोड। पालघर खासदार राज्य के वन मंत्री एवं पालघर जिले के पालकमंत्री गणेश नाइक से मुलाकात की और पालघर लोकसभा क्षेत्र के वसई तालुका में अनार्ला फोर्ट से अनार्ला गांव तक जलमार्ग पर एक स्काईवॉक/पुल के निर्माण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। अनार्ला किला एक बहुत ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थल है। इस द्वीप पर लगभग 5,000 नागरिक रहते हैं, जिन्हें प्रतिदिन मुख्य भूमि से जुड़ने के लिए असुरक्षित समुद्री मार्गों का उपयोग करना पड़ता है। यद्यपि यहां सरकारी अस्पताल, पानी, बिजली और आंगनवाड़ी जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं, फिर भी सुरक्षित और आसान परिवहन की बहुत आवश्यकता है। अनार्ला गांव से अनार्ला फोर्ट तक जलमार्ग पर स्काईवॉक/पुल बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पालकमंत्री इस संबंध में गणेश नाईक को एक लिखित पत्र सौंपा और सकारात्मक निर्णय की उम्मीद व्यक्त की गई।

MEIL को NPCIL से ₹12,800 करोड़ का परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट मिला

मुंबई। NPCIL ने कर्नाटक के कैगा में दो 700 मेगावाट क्षमता वाले परमाणु रिएक्टर (कैगा यूनिट्स 5 और 6) बनाने के लिए MEIL को ₹12,800 करोड़ का ऑर्डर दिया है। यह NPCIL का अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है और MEIL के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा कदम है। ऑर्डर औपचारिक रूप से NPCIL के मुंबई मुख्यालय में MEIL के निदेशक (परियोजनाएं) सीएच पी सुब्बैया और उनकी टीम को दिया गया। पहली बार, NPCIL ने गुणवत्ता-सह-लागत-आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई। MEIL ने समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने और गुणवत्ता व सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने का भरोसा दिया है। यह प्रोजेक्ट भारत के ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने में मदद करेगा।

पीएनबी ने लॉंच किया पीएनबी निर्माण 2025- ग्राहकों को सशक्त बनाने हेतु एक विशेष रिटेल ऋण कैंपेन

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 20 जून 2025 तक अपने विशेष संस्करण रिटेल ऋण कैंपेन पीएनबी निर्माण 2025 की घोषणा की है। यह अभियान सभी पीएनबी शाखाओं के साथ-साथ इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म-पीएनबी वन एप और आधिकारिक वेबसाइट. के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल के अंतर्गत पीएनबी गृह और कार ऋणों के लिए जीरो प्रोसेसिंग और डाक्यूमेंटेशन शुल्क, जैसे विशेष लाभ प्रदान कर रहा है, साथ ही एक निर्दिष्ट राशि से अधिक के गृह ऋण अधिग्रहण के लिए निःशुल्क एनईसी, कानूनी और मूल्यांकन भी दे रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र ने कहाः ₹पीएनबी में, हम ग्राहकों को उनकी गृह और कार स्वामित्व की यात्रा को सरल बनाने वाले खास वित्तीय समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'पीएनबी निर्माण 2025' के साथ, हमारा लक्ष्य अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए वित्तपोषण की प्रक्रिया को सरल और तेज करना है। इन लाभों के अलावा, इस अभियान में लागू नियमों और शर्तों के अधीन, गृह, कार और शिक्षा ऋणों पर 5 आधार अंकों (बीपीएस) की ब्याज दर रियायत भी शामिल है।

बेंगलुरु में लॉन्च हुई मैटर की एरा मोटरबाइक

मुंबई। भारत की टेक इनोवेशन कंपनी मैटर ने अपनी महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक मोटरबाइक एरा को देश की इनोवेशन कैपिटल बेंगलुरु में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। इसी के साथ मैटर के पहले विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग हब का भी उद्घाटन किया गया। यह दशार्ता है कि मैटर आने वाले समय की मोबिलिटी को बेहतर बनाने और अपने बाजार को बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैटर एरा की प्री-रजिस्ट्रेशन शोरूम कीमत 1.88 लाख रुपये है। लिमिटेड टाईम लॉन्च ऑफर के तहत बेंगलुरु के पहले 500 राइडर्स को 1.79 लाख रुपये की विशेष शुरूवाती कीमत में एरा मोटरबाइक लेने का मौका मिलेगा, साथ ही 15,000 रुपये की लाइफटाइम बैटरी वारंटी भी फ्री में मिलेगी। ब्रांड को आम लोगों के करीब लाने के लिए मैटर जल्द ही बीटीएम लेआउट-सेकंड स्टेज में, वैश्य बैंक कॉलोनी के निकट, 100 फीट रोड पर अपने पहले एरा एक्सपीरियंस हब का अनावरण करेगी। यहां राइडर्स न केवल एरा की टेस्ट राइड ले सकेंगे बल्कि मैटर की फिलॉसफी को भी समझ सकेंगे।

मैटर के संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ मोहन लालभाई ने कहा, इस सफर की शुरूआत के लिए बेंगलुरु से बेहतर कोई शहर नहीं हो सकता था। यहां इनोवेशन सिर्फ एक आयडिया नहीं, बल्कि जीवनशैली है। हर लेन में हर राइडर के पास एक उद्देश्य है। एरा सिर्फ एक बाइक नहीं, बल्कि 22वीं सदी की मोटरबाइक है। इसमें किफायती दाम पर रॉकेट जैसा थ्रिल मिलता है। हमारे इन-हाउस हाइपरशिफ्ट मैन्युअल गियरबॉक्स, लिक्विड-कूल्ड पावरट्रेन और कनेक्टेड टेक्नोलॉजी के साथ एरा में परफॉर्मेंस, इमोशन और सस्टेनेबिलिटी का अनूठा मेल नजर आएगा। बुकिंग www.matter.in पर शुरू हो चुकी है और जल्द ही इसे बीटीएम लेआउट - सेकंड स्टेज स्थित एरा एक्सपीरियंस हब में भी उपलब्ध कराया जाएगा। जल्द ही इसकी डिलीवरी भी शुरू कर दी जाएगी। मैटर एरा ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर बनी सभी पुरानी धारणाओं को तोड़ दिया है। भारतीय राइडर्स को ध्यान में रखकर बनाई गई इस बाइक में परफॉर्मेंस, इंटेलिजेंस और इमोशन का अद्वितीय मेल देखने को मिलेगा। बेंगलुरु में लॉन्च के बाद मैटर अन्य प्रमुख भारतीय शहरों में चरणबद्ध तरीके से एरा को लॉंच करेगी। मजबूत बाइकिंग कल्चर, आगे की सोच रखने वाले राइडर्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी की बढ़ती स्वीकार्यता के साथ, बेंगलुरु मैटर की इस नई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की लॉन्चिंग के लिए सबसे आदर्श जगह है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पहलगाम हमले की निंदा की, पीड़ितों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की

अफगानिस्तान। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि ऐसी घटनाएं क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। तालिबान शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने भी एक बयान में शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात का विदेश मंत्रालय जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में पर्यटकों पर हाल में हुए हमले की कड़ी निंदा करता है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।" बल्खी ने कहा, ऐसी घटनाएं क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।" जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है।

मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के होटलों में फंसे पंजाबियों का विवरण मांगा

चंडीगढ़। पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकवादी हमले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को कहा कि पंजाब पूरी तरह चौकस है और पंजाब में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। सिविल और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों पर यह आतंकवादी हमला एक क्रूर और अमानवीय कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता और उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों में दहशत फैलाना है। इस दौरान प्रदेश में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और किसी को भी प्रदेश में कड़ी मेहनत से हासिल शांति को भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराज्यीय और एक जिले को दूसरे जिले से जोड़ने वाले स्थानों, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में जांच और गश्त पहले ही तेज कर दी गई है।

रायपुर में सीएमएआई टेक्सटाइल एंड अपैरल फैसिलिटेशन सेंटर खोलने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में एक एमओयु पर किए हस्ताक्षर

मुंबई। टेक्सटाइल्स और अपैरल सेक्टर में विकास को तेज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के साथ मुंबई में चल रहे एफएबी शो 2025 के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में एक रणनीतिक साझेदारी को औपचारिक रूप देने हेतु एमओयु पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयु राज्य और राष्ट्रीय अपैरल इंडस्ट्री ऑर्गेनाइजेशन के बीच सहयोग का एक नया अध्याय है, जो राज्य की निवेश को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन करने और भारत में टेक्सटाइल्स और अपैरल निर्माण के लिए एक प्रतिस्पर्धी केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की सोच को दशार्ता है। इस साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, सीएमएआई और छत्तीसगढ़ मिलकर काम करेंगे, जिससे हमारे राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग का कारोबार बहुत आगे बढ़ेगा। हम चाहते हैं कि इस क्षेत्र में छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों (MSME) को बढ़ावा मिले। हमने रायपुर में 271 करोड़ रुपये लगाकर एक NIFT संस्थान खोलने की मंजूरी दे दी है। इससे राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग के पूरे सिस्टम को बहुत फायदा होगा। राज्य में NIFT के होने और उटअकके साथ मिलकर काम करने से हमें उम्मीद है कि हमारे पुराने पारंपरिक कपड़ों के डिजाइन और तेजी से आगे बढ़ेंगे। हमारी नई निवेश नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने के साथ है, और हम 'विकसित छत्तीसगढ़' बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम उन उद्योगों को ज्यादा फायदा दे रहे हैं जो 1,000 से ज्यादा स्थानीय लोगों को नौकरी देते हैं—कपड़े और रेडीमेड कपड़ों का उद्योग इसका बहुत ज्यादा फायदा उठा रहा है। छत्तीसगढ़ में कारोबार करने के लिए अच्छा माहौल है, यहाँ अच्छी रेल लाइनें हैं, बिजली हमेशा मिलती है और पानी भी काफी है—इसलिए यहाँ फैक्ट्री लगाना बहुत अच्छा रहेगा।

(CMAI) के अध्यक्ष संतोष कटारिया ने कहा, छत्तीसगढ़ में भारत के टेक्सटाइल्स और अपैरल इकोसिस्टम में एक प्रमुख भागीदार बनने की अपार संभावनाएं हैं। यह साझेदारी राज्य के उभरते टेक्सटाइल्स हब्स में नए विकास मार्गों और रोजगार के अवसरों को खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सहयोग के तहत, हमारा लक्ष्य इंडस्ट्री सहभागिता, नीति समर्थन और क्षमता निर्माण के लिए एक समर्पित मंच तैयार करना है, जिसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ में सीएमएआइ शाखा कार्यालय की स्थापना से की जाएगी। यह स्थानीय हितधारकों और राष्ट्रीय अपैरल निमार्ताओं के बीच मजबूत समन्वय को सक्षम बनाएगा। सीएमएआइ को एक ऐसे सरकार के साथ सहयोग करने पर गर्व है जो प्रगतिशील और इंडस्ट्री -हितैषी नीतियों पर केंद्रित है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थे अमिताभ जैन, मुख्य सचिव रजत कुमार, इंडस्ट्री सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार। वहीं, सीएमएआइ की ओर से उपस्थित विशिष्ट जनों में शामिल थे -संतोष कटारिया, अध्यक्ष, अंकुर गाडिया, उपाध्यक्ष; और नवीन सैनी, मानद महासचिव एवं चेयरमैन, एफएबी शो, सहित अन्य प्रबंध समिति के सदस्य। यह एमओयु (MoU) आधिकारिक रूप से मुंबई में आयोजित सीएमएआइ फैब्रिक्स, एसेसरीज एंड बियॉन्ड (एफएबी) शो 2025 के पाँचवें संस्करण के दौरान हस्ताक्षरित किया गया – जो कि भारत का सबसे बड़ा फैब्रिक्स और एसेसरीज सोर्सिंग शो है, जहाँ अपैरल निर्माण में प्रयुक्त फैब्रिक्स, एसेसरीज और नवाचारों का प्रदर्शन होता है। एफएबी शो इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए एक आदर्श मंच साबित हुआ, जहाँ इंडस्ट्री के प्रमुख हितधारकों को एक ही छत के नीचे एकत्र किया गया। एफएबी शो 2025 के स्टेट पार्टनर के रूप में, कॉमर्स एवं इंडस्ट्री विभाग - छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के टेक्सटाइल्स एवं अपैरल निमार्ताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक पवेलियन की स्थापना की है।

रिश्वत लेता क्लर्क रंगे हाथों काबू

चंडीगढ़। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने आज एस.डी.एम. कार्यालय पटियाला में ठेके पर तैनात क्लर्क जसपाल सिंह को 8,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राज्य सतर्कता ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी गांव लंग, जिला पटियाला के एक शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने सतर्कता ब्यूरो से संपर्क करके आरोप लगाया है कि उक्त क्लर्क ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 127/170 के तहत दर्ज एक मामले में उसकी मदद करने के बदले 8,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक पड़ताल के बाद पटियाला रेंज की सतर्कता ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से रिश्वत के तौर पर 8,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सतर्कता ब्यूरो थाना, पटियाला रेंज में मामला दर्ज किया गया है।

स्नेहा दुबे और राजन नाईक ने नवनिर्वाचित अध्यक्षों को दी बधाई

वसई विरार। भाजपा वसई विरार जिले के मंडल अध्यक्ष चुने गए बारह मंडल अध्यक्षों को जहां बधाई दी वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी और मार्गदर्शक जोगेंद्र प्रसाद चौबे को भी हार्दिक बधाई दी गयी। विरार पूर्व उत्तर मंडल वैभव जागड़े, विरार पूर्व दक्षिण मंडल मनीष वैद्य, विरार पश्चिम मंडल विशाल राऊत, नालासोपारा पश्चिम मंडल सतीश सिंह, नालासोपारा तुलिंज मंडल प्रमोद सिंह, नालासोपारा अचोले मंडल सुनील तिवारी, वसई ग्रामीण पश्चिम मंडल आशीष जोशी, वसई रोड मंडल महेश सरवणकर, वसई नगर परिषद सुश्री गीतांजलि धारीवाला, वसई पूर्व मंडल उदय शेट्टी, वसई पूर्व उत्तर मंडल कुणाल घरत, वसई पूर्व वालिव मंडल सूर्यकांत वाघमारे सहित सभी को चयन पर हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस मौके पर वसई विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री स्नेहा दुबे पंडित, जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, जिला कोषाध्यक्ष हरेंद्र दादा पाटिल, मनोज पाटिल, शेखर धुरी, दिलीप गायकवाड, विश्वास सावंत, सौन प्रज्ञा पाटिल, अभय कक्कड़, पूर्व बोर्ड अध्यक्ष नारायण मांजरेकर, देवराज सिंह, रवि पुरोहित, कपिल म्हात्रे एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

एस राजलिंगम ने संभाला वाराणसी मंडलायुक्त का कार्यभार

-सुरेश गांधी

वाराणसी। प्रमोशन के बाद बनारस में ही जिलाधिकारी रहे एस राजलिंगम ने बुधवार को नवागत मंडलायुक्त के रुप में मण्डलीय कार्यालय पहुंचकर 69वें मंडलायुक्त के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया। नवागत मंडलायुक्त एस राजलिंगम 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वर्तमान मंडलायुक्त आईएएस कौशल राज शर्मा को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा कमिश्नरी कार्यालय में बनकर तैयार नये ऑफिस भवन का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया।

पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में एस राजलिंगम ने कहा कि मंडल के जिलों में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कहा कि इस बारे में वह जिलों के अधिकारियों से बात करेंगे। जन सुविधा के लिए ई-गवर्नेंस कार्यक्रम को मजबूत कराने की कोशिश करेंगे, ताकि प्रमाणपत्र आदि के लिए गरीबों को परेशान न होना पड़े। इसके अलावा समय-समय पर जिलों में विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। उनका प्रयास होगा विकास कार्यों की गति को बढ़ाना, ताकि निर्माण कार्यों को जल्द पूरा किया जा सके। इसके अलावा समय से पहले समस्याओं का खात्मा कराने के हरसंभव प्रयास होंगे। नवागत मंडलायुक्त ने कहा कि जहां तक वाराणसी के विकास का सवाल है तो वह अनवरत जारी रहेगा। खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्राथामिकता वाली योजनाओं, सड़कों का चौड़ीकरण व बचे कामों की गति को और अधिक बढ़ायेंगे, जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि पूर्व कमिश्नर कौशलराज शर्मा के साथ काम करने का अनुभव उनके साथ है और वह वाराणसी के साथ-साथ भदोही, जौनपुर, चंदौली के कामकाज को भी अच्छी तरह से समझते है। ऐसे में संबंधित जिलाधिकारियों के सामंजस्य से स्थिति और बेहतर करेंगे।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत मंडलायुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनके कार्य के बारे में विस्तार से जाना। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि सभी लोग मिलजुल कर काम करें ताकि मंडल नित नई ऊंचाइयों को छुए। कार्यभार ग्रहण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, अपर आयुक्त प्रशासन राकेश गुप्ता, अपर आयुक्त न्यायिक सुभाष यादव, अपर निदेशक सूचना सुरेंद्र नाथ पाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अविनाश शर्मा समेत कमिश्नरी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी अधिकारियों व पटल सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट कार्यालय के चैम्बर में बैठकर जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से उचित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जुडिसियल व रेवेन्व्यू रिकॉर्ड कीपर रूम, संयुक्त कार्यालय, नजारत, भूलेख और अभिलेखागार माल सहित कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न अधिकारियों के कार्यालयों का अवलोकन किया। विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने रखी पत्रावलियों के पुराने वस्ते को बदलने, उनके उचित रखरखाव और साफ सफाई के बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अभिलेखागार में खतौनी की नकल समय से जारी न करने और रजिस्टर में सीरियल संख्या से आवेदन दर्ज न करने पर प्रभारी अधिकारी एसीएम-द्वितीय और पटल सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। कहा कि वर्षवार फाइलों को रखा जाए और साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।

जिला प्रोबेशन कार्यालय का निरीक्षण कर डीडी प्रोबेशन को कार्यालय और शौचालय की साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। कहा कि दुबारा निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर के शौचालय की गंदगी देख नाराजगी जताई और नाजिर को तत्काल साफ सफाई कराने व टोटी की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारी और पटल सहायक को समय से अपने कार्यालय में पहुँचकर लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी आलोक कुमार, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने पत्रकारों से संवाद के दौरान शहर की समस्याओं के बारे में उनके विचारों को सुना तथा उसके उचित निस्तारण का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने सफाई व्यवस्था, यातायात, दुकानों के सामने कूड़े न इकट्ठा करना, आमजन तथा टूरिस्ट हेतु गर्मी के दृष्टिगत पीने के पानी के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिये।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद का सरकार का फैसला- पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर छोड़ना होगा भारत

नेशनल डेस्कः भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने 23 अप्रैल 2025 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की कि भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही पाकिस्तान के लिए जारी सभी वीजा रद्द कर दिए गए हैं और आगामी समय में पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया है, जो दोनों देशों के बीच जल बंटवारे से संबंधित है। भारत ने पाकिस्तान के उच्चायोग में तैनात सभी सैन्य, नौसैनिक और वायुसेना सलाहकारों को 'persona non grata' घोषित कर दिया है और अपने रक्षा सलाहकार को पाकिस्तान से recalled कर लिया है। पाकिस्तान के उच्चायोग के सभी कर्मचारियों को 30 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान में अपने कूटनीतिक कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 करने का निर्णय लिया है। यह कड़ा कदम पहलगाम हमले में 26 भारतीय नागरिकों की मौत के बाद उठाया गया है, जिसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट ने जिम्मेदारी ली थी।

परिचित ने किया बच्चे का अपहरण, तो सदमे में गई मां ने उठाया खौफनाक कदम

फरीदाबाद। फरीदाबाद के ग्रीनफील्ड कॉलोनी में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। एक परिचित व्यक्ति ने झगड़े के बाद एक महिला के चार महीने के बच्चे का अपहरण कर लिया। इस घटना से आहत महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद इलाज के दौरान बुधवार दोपहर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और बच्चे को सुरक्षित बचा कर उसके पिता को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, महिला और आरोपी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। झगड़े के बाद आरोपी ने बच्चे का अपहरण कर लिया, जिससे महिला गहरे सदमे में चली गई और उसने आत्मघाती कदम उठाया। शुरू में अपहरण के लिए दर्ज की गई एफआईआर में अब आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा जोड़ने की तैयारी की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में सनसनी फैला दी है।

पहलगाम में हुई बर्बरता अमानवीय घटना , हमें विश्वास हैं कि सरकार इसका भरपूर जवाब देगी: कार्तिकेय शर्मा

चंडीगढ। पंचकूला में 27 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह को लेकर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बुधवार को फतेहाबाद , समैण , उचाना , जींद और सोनीपत के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित समारोह में पहुंचे जहां स्थानीय निवासियों , ब्राह्मण सभा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा सांसद कार्तिकेय शर्मा का भव्य स्वागत किया गया , सांसद कार्तिकेय शर्मा ने फतेहाबाद के भगवान परशुराम सेवा सदन , समैण के भगवान परशुराम मंदिर , उचाना के माता बनभौरी धाम , जींद के भटनागर कॉलोनी और सोनीपत के गांव तिहाड़कलां सहित विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए पंचकूला पहुंचने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल को पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक समाज या वर्ग के नहीं बल्कि सभी समाज के भगवान है। यह कार्यक्रम 36 बिरादरी का है सभी समाज का है। प्रदेश स्तरीय इस कार्यक्रम में सभी वर्गों के मुद्दे सरकार के सामने उठाए जाएंगे। चाहे सामाजिक संगठन के मुद्दे हो, युवा वर्ग के। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि में राजनीति में इसलिए आया हूं ताकि आप लोगों की आवाज उठा सकू, वंचित लोगो को उनका अधिकार मिल सके और समाज की मांग सही पटल पर रखी जाए और मंजूर हो सके , ऐसा हमने करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ में भी किया जहां हमने सरकार के सामने समाज की जो 13 मांगे रखी उनमें 11 मांगे सरकार ने तुरंत पूरा भी किया क्योंकि अगर संयोजित और व्यवस्थित होकर आवाज रखें तो जरूर पूरी होती है ,सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा ने सदैव हर वर्ग की आवाज उठाई है और उन्हें पूरा भी कराया है।

इनमें ईपीबीज, आर्थिक आधार पर आरक्षण, गौड़ ब्राह्मण संस्था के मुद्दे से लेकर हमेशा आगे आकर लोगों के हकों की लड़ाई लडी है। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा के कदम चिन्हों पर चलकर ही तमाम मसलों का समाधान कराया जाएगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा ने यह साबित करके दिखाया है कि आपको कुछ करने के लिए किसी पद की नहीं बल्कि संगठित होने की जरूरत है। क्योंकि जब उन्होंने ईपीबीजी जैसे मुद्दे उठाए और उन्हें पूरा कराया तो तब कोई पद नहीं था हौसला और जज्बा था। इसलिए किसी पद की नहीं संगठित होने की जरूरत है। ऐसे में संगठित होकर 27 अप्रैल को एक साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव में एकत्रित होंगे। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मेरे घर के और दिल के दरवाजे सदैव आप सभी के लिए खुले हैं कभी भी कोई भी मुद्दा हो तो लोग निसंकोच अपनी बात रख सकते हैं। सांसद कार्तिकेय शर्मा 27 अप्रैल को